# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025










# छह आईएएस समेत 15 अधिकारियों के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

## हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, 15 दिनों में दस्तावेज जब्त कर शुरू करनी होगी जांच

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर**

खास खबर

राज्य स्त्रोत निःशक्त जन संस्थान अस्पताल के नाम पर हुए एक हजार करोड़ के घोटाले के मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। जस्टिस पीपी साहू और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डीबी ने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले में राज्य के 6 आईएएस अधिकारी आलोक शुक्ला, विवेक ढांड, एमके राउत, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल और पीपी सोती समेत सतीश पांडेय, राजेश तिवारी, अशोक तिवारी, हरमन खलखो, एमएल पांडेय और पंकज वर्मा पर लगाए गए आरोप प्रारंभिक तौर पर सही पाए गए। इस गंभीर मामले की स्थानीय एजेंसियों और पुलिस से जांच कराना सही नहीं होगा। हाईकोर्ट ने सीबीआई को 15 दिनों में सभी दस्तावेज जब्त करते हुए जांच ▸▸| शेष पेज 7 पर

- एक हजार करोड़ का एनजीओ घोटाला





आलोक शुक्ला



विवेक ढांड



एमके राउत



सुनील कुजूर



बीएल अग्रवाल

### करोड़ों की मशीनें खरीदी गईं

याचिका में बताया गया है कि खुद याचिकाकर्ता को एक शासकीय अस्पताल राज्य स्त्रोत निःशक्त जन संस्थान में कार्यरत बताते हुए वेतन देने की जानकारी पहले मिली। इसके बाद उन्होंने आरटीआई के तहत जानकारी ली तो पता चला कि नया रायपुर स्थित इस कथित अस्पताल को एक एनजीओ चला रहा है। जिसमें करोड़ों की मशीनें खरीदी गईं हैं। इनके रखरखाव में भी करोड़ों का खर्च आना बताया गया। याचिका में कहा गया कि स्टेट रिसोर्स सेंटर का कार्यालय माना रायपुर में बताया गया, जो समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत है।

### यह एक संगठित और सुनियोजित अपराध

याचिका में यह भी बताया गया कि एसआरसी ने बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट और एसबीआई मोतीबाग के तीन एकाउंट से संस्थान में कार्यरत अलग-अलग लोगों के नाम पर फर्जी आधार कार्ड से खाते खुलवाकर रुपए निकाले गए। सुनवाई के दौरान राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव अजय सिंह ने शपथ-पत्र दिया। इसमें उन्होंने 150-200 करोड़ की गलतियां सामने आने की बात कही। हाईकोर्ट ने कहा कि जिसे राज्य के मुख्य सचिव गलतियां और त्रुटि बता रहे हैं, वह एक संगठित और सुनियोजित अपराध है। कोर्ट ने सीबीआई को जांच के लिए निर्देश दिए थे। साथ ही हाईकोर्ट के निर्देश पर घोटाले में फंसे आधा दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों ने भी अपना जवाब प्रस्तुत किया। इसके बाद अब यह फैसला सुनाया गया है।

## केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा देने की मांग, सड़कों पर उतरे छात्र और युवा

# नेपाल के बाद अब लद्दाख में 'जेन-जी' का आक्रोश, भाजपा दफ्तर फूंका, चार की मौत

*नेपाल के बाद अब लद्दाख में 'जेन जी' का आक्रोश दिख रहा है। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग पर लेह में जारी विरोध प्रदर्शन बुधवार को हिंसक हो गया। छात्र-युवा प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच पत्थरबाजी हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए। गुस्साई भीड़ ने सीआरपीएफ की गाड़ी और पुलिस की एक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया, साथ ही भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। हिंसा के दौरान 4 की मौत हो गई, वहीं 70 से अधिक घायल हो गए।*

**गृह मंत्रालय ने कहा- वांगचुक ने जेन जी आंदोलन का हवाला देकर भड़काया**



**एजेंसी ▸▸| लेह/नई दिल्ली**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में छात्रों और युवाओं का प्रदर्शन बुधवार को तब हिंसक रूप ले लिया, जब प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के दफ्तर पर पत्थरबाजी करने के बाद उस पर हमला बोल दिया और वहां आग लगा दी। आंदोलनकारी युवाओं को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। इससे लोग और उग्र हो गए और पत्थरबाजी करने लगे। पुलिस कार्रवाई से भड़के प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस वैन को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने उग्र छात्रों पर लाठीचार्ज भी किया है।

### प्रदर्शनकारियों की चार मांगें

- लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए
- लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए
- लद्दाख में लोकसभा सीटें बढ़ाकर दो की जाएं
- लद्दाख की जनजातियों को आदिवासी का दर्जा दिया जाए



### लेह में निषेधाज्ञा लागू

आंदोलन के हिंसक रूप लेने के बाद बुधवार को प्रशासन ने लद्दाख के लेह जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। निषेधाज्ञा के तहत पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### वांगचुक ने हड़ताल वापस ली

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 15 दिन से जारी अपनी भूख हड़ताल बुधवार को वापस ले ली। वांगचुक ने लेह में हुई हिंसा की घटनाओं पर दुख जताया और हिंसा के लिए 'जेन जी' के बीच बढ़ती हताशा को जिम्मेदार ठहराया।

# शराब घोटाले में चैतन्य ईओडब्ल्यू की रिमांड पर, कस्टम मिलिंग में दीपेंद्र से होगी पूछताछ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

करोड़ों रुपए के शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ईओडब्लू, एसीबी की विशेष अदालत में चैतन्य को कोर्ट में पेश कर उनसे पूछताछ करने ईओडब्ल्यू ने छह

- दीपेंद्र चावड़ा की शराब घोटाला में संलिप्तता 29 तक रिमांड पर लिया गया



अक्टूबर तक रिमांड हासिल की है। इधर, कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में जेल में बंद अनवर ढेबर के करीबी दीपेंद्र चावड़ा की संलिप्तता सामने आने पर उनको भी ▸▸| शेष पेज 7 पर

### रकम ठिकाने लगाने के संबंध में दीपेंद्र से पूछताछ

ईडी, ईओडब्ल्यू द्वारा कोर्ट में पेश चार्जशीट में दीपेंद्र के नाम का उल्लेख है। दीपेंद्र को अनवर ढेबर का करीबी बताया गया है। बताया जा रहा है, दीपेंद्र, अनवर के कहने पर शराब घोटाले की रकम ठिकाने लगाने का काम करता था। इस वजह से ईओडब्ल्यू दीपेंद्र से पूछताछ कर जानकारी जुटाएगी कि उसने अनवर के ▸▸| शेष पेज 7 पर

## इंडिगो एयरलाइंस का मामला

# एयरपोर्ट पर यात्री के पेंट में घुसा चूहा, लगवाना पड़ा इंजेक्शन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर एयरपोर्ट पर एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई। यहां डिपार्चर हॉल में फ्लाइट का इंतजार कर रहे एक यात्री की पैंट में अचानक चूहा घुस गया और काट लिया। सबसे बड़ी बात यह रही कि एयरपोर्ट पर ऐसी आपात स्थिति के लिए कोई मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं थी। मजबूरी में यात्री को बेंगलुरु




पहुंचने के बाद रेबीज का इंजेक्शन लगवाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, भोपाल निवासी अरुण मोदी अपनी पत्नी के साथ इंडिगो एयरलाइंस की ▸▸| शेष पेज 7 पर

# 10वीं-12वीं की पहली परीक्षा 17 फरवरी से, जुलाई में होगी दूसरी परीक्षा

## सीबीएसई ने जारी की संभावित डेटशीट

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं की संभावित तिथि घोषित कर दी है। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पहली परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होगी, जबकि दूसरी परीक्षा 15 जून से ली जाएगी। सीबीएसई




द्वारा पूर्व में ही घोषणा कर दी गई थी कि उनके द्वारा साल में दो बार दसवीं-बारहवीं ▸▸| शेष पेज 7 पर

### मूल विषयों से होगी शुरुआत

परीक्षाओं के आयोजन के साथ-साथ, परिणामों की समय पर घोषणा सुनिश्चित करने के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं, मूल्यांकन और परिणाम-पश्चात प्रक्रियाएं जैसी कई अन्य गतिविधियां भी तय वक्त पर की जाएंगी। कक्षा 10 की परीक्षाएं गणित मानक और मूल विषय की परीक्षाओं के साथ शुरू होंगी। ये परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं भाषा ▸▸| शेष पेज 7 पर

### ईडी के समक्ष पेश हुए अभिनेता सोनू

**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद को '1एक्सबेट' नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। सूद मध्य दिल्ली स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। मामले के जांच अधिकारी अभिनेता सूद से पूछताछ करेंगे। एजेंसी ने इस जांच के तहत पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा और युवराज सिंह के अलावा टीएमसी की पूर्व सांसद और बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा से पूछताछ की है।



### डंपर ने बाइक को टक्कर मारी, चार की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में तेज रफ्तार डम्पर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे पांच वर्षीय एक लड़के समेत एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना प्रतापगढ़ शहर में दौसा रोड पर झिरी स्टैंड के निकट हुई। घटनास्थल से लगभग 20 किलोमीटर दूर मेजोद गांव के निवासी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी प्रतापगढ़ से झिरी की ओर आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।







# पंचायतों में 2 को विशेष ग्रामसभा, फैसलों की होगी वीडियो रिकॉर्डिंग, विकास-किसानों पर होगी बात

2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राज्यभर की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन होगा। खास बात ये है कि इस बार केंद्र सरकार के निर्देश पर सभा के फैसलों की वीडियो रिकॉर्डिंग होगी और ग्राम सभाओं की कार्यवाही का ब्योरा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) आधारित होगा। इस काम के लिए एक नया पोर्टल सभासार बनाया गया है। हर जिले की कम से कम 10 ग्राम पंचायतों में इस पोर्टल का उपयोग करते हुए कार्यवाही विवरण तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंचायत संचालनालय ने विशेष ग्राम सभा के लिए कई बिंदुओं पर आधारित निर्देश जारी किए हैं। कहा गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन करने के लिये एक समय सारणी तैयार कर ली जाये एवं स्थानीय आवश्यकता अनुसार अधिकारियों/कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी तय की जाए।




**इन मुद्दों पर होगी चर्चा:** 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में कई बिन्दुओं पर विशेष रूप से चर्चा करने के लिए कहा गया है। इसमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन। पंचायतों को विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अधतन स्थिति का वाचन करने कहा गया है।

**सर्वे वाले किसानों का रकबा और नाम पढ़ा जाएगा ग्रामसभा में:** राज्य में इस समय किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल में किया जा रहा है। साथ ही किसानों को राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इस प्रक्रिया के संबंध में निर्देश हैं कि ग्राम के किसान जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन है एवं जिनको जमीनों को फार्म आईडी पंजीकृत हो चुके हैं, उन्हें पंचायत भवन में चस्पा करने और उनको विशेष ग्राम सभाओं में पढ़ने के निर्देश हैं। विशेष ग्राम सभा में ग्रामवार धान के रकबा एवं कृषकवार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी के धान का रकबा जो पंजीकृत हुआ है उसका पठन ग्राम सभाओं में करने एवं उन्हें पंचायत भवन पर चस्पा किया जाएगा।

# जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने ठप किया नक्सल पोस्टमार्टम

**नारायणपुर।** नक्सल प्रभावित जिला अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने आज पोस्टमार्टम कार्य 2 से 3 घंटे के लिए रोक दिया। स्वास्थ्यकर्मियों ने यह विरोध प्रदर्शन पिछले 9 माह से लंबित नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट कहा कि वे लगातार सबसे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। चाहे वह बम धमकी वाले क्षेत्रों में ग्राउंड-लेवल ट्रायजिंग हो, नक्सल घटनाओं के बाद पोस्टमार्टम करना हो या सड़कविहीन दूरस्थ इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना। इसके बावजूद, उन्हें पिछले 9 माह से प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। डॉक्टरों और स्टाफ ने इस मौके पर सरकार से भुगतान की मांग की।




### ईकेवाईसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड सदस्यों का हर जिले में किया जा रहा भौतिक सत्यापन

# राशन कार्ड के 46 लाख से ज्यादा सदस्य सस्पेक्टेड 1 लाख 93 हजार 67 सदस्यों के नाम किए निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**छत्तीसगढ़ में उचित मूल्य राशन दुकान के कार्ड धारकों में 46 लाख से ज्यादा सदस्य सस्पेक्टेड हैं। इन सदस्यों ने अब तक ई-केवाइसी नहीं कराया है। इसके बाद भी इन सदस्यों के नाम पर हर महीने दुकानों से खाद्यान्न उठाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अब ऐसे सदस्यों का भौतिक सत्यापन करा रहा है कि जिन सदस्यों के नाम से हर महीने राशन उठ रहा है, वे वास्तव में पात्र सदस्य हैं भी या नहीं। कहीं उनकी मृत्यु तो नहीं हो चुकी है या फिर राज्य छोड़कर चले तो नहीं गए हैं। विभाग के भौतिक सत्यापन के दौरान अभी तक ऐसे ही लगभग 1 लाख 93 हजार 67 सदस्य मिले हैं, जिनके नाम अब राशन कार्ड से निरस्त कर दिए गए हैं।**

खास खबर

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत केंद्र सरकार ने प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य का ई-केवाइसी कराना अनिवार्य किया है। ये नियम उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता लाने के साथ फर्जीवाड़ा रोकने एवं पात्र हितग्राही को ही खाद्यान्न मिले, इसके मद्देनजर लागू किया है। केवाइसी अनिवार्य किए जाने के बाद भी प्रदेश में लाखों सदस्य बगैर केवाइसी कराए खाद्यान्न उठा रहे हैं, जिसका खुलासा विभागीय रिपोर्ट के आंकड़ों में हुआ है। इस रिपोर्ट के बाद ही विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में सस्पेक्टेड सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराने संबंधित निर्देश जारी किया है। इस निर्देश के तहत सभी जिलों में केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

**जिलेवार निरस्त किए गए सदस्यों की**

| जिला | निरस्त | जिला | निरस्त |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 19574 | बालोद | 4232 |
| बिलासपुर | 17063 | कवर्धा | 5375 |
| दुर्ग | 15711 | राजनांदगांव | 6879 |
| कोरबा | 10221 | बलौदाबाजार | 8335 |
| बस्तर | 4879 | धमतरी | 3638 |
| बीजापुर | 920 | गरियाबंद | 2110 |
| दंतेवाड़ा | 2168 | महासमुंद | 8437 |
| कांकेर | 4462 | बलरामपुर | 6154 |
| कोंडागांव | 4922 | जशपुर | 9681 |
| नारायणपुर | 812 | कोरिया | 903 |
| सुकमा | 1060 | सरगुज | 8859 |
| गौपेम | 3758 | सूरजपुर | 2987 |
| जांजगीर-चांपा | 2239 | खैरागढ़-गंडई | 3662 |
| मुंगेली | 3498 | मोहला-मानपुर | 1225 |
| रायगढ़ | 6840 | सक्ती | 7669 |




### भौतिक सत्यापन कराया जा रहा

ई-केवाईसी नहीं कराने वाले सस्पेक्टेड राशन कार्ड सदस्यों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इस दौरान मृत्यु हो चुकी, राज्य छोड़कर जा चुके या फिर अपात्र हैं, ऐसे सदस्यों के नाम निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। - **भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर**

### 53 हजार और सदस्यों के नाम होंगे निरस्त

प्रदेश में केवाइसी नहीं कराने वाले सस्पेक्टेड सदस्यों में और 53 हजार 234 सदस्यों के नाम राशन कार्ड से निरस्त किए जाएंगे। ये सदस्य भी एक प्रकार से फर्जी हैं, क्योंकि इनमें भी बहुतों की मृत्यु हो चुकी है, कई राज्य छोड़कर जा चुके हैं, तो डुप्लिकेट आधार एवं कई अपात्र सदस्य बने हुए हैं। इन सदस्यों के नाम निरस्त किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# राशन दुकानों में भेजा फफूंद वाला चावल, जांच के बाद वापस मंगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

राशन दुकानों में फफूंद वाला चावल सप्लाई होने के बाद आनन-फानन में नागरिक आपूर्ति निगम इसे वापस मंगाया है। बताया जा रहा है कि हितग्राहियों ने खराब चावल लेने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद विभाग में बवाल मच गया। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले नागरिक आपूर्ति निगम के वेयर हाउस से लगभग 500 क्विंटल से अधिक मात्रा में चावल राशन दुकानों में भंडारण किया गया था। राशन दुकानों से उपभोक्ताओं को जब चावल दिया जा रहा था, तो कार्ड धारी इसे लेने से साफ इंकार कर दिया। राशन दुकानदारों ने इसकी शिकायत खाद्य विभाग से की। खाद्य विभाग आनन-फानन में गड़बड़ी की जांच करने के बाद फफूंद लगा चावल होने की पुष्टि हुई। गड़बड़ी की जानकारी के बाद नागरिक आपूर्ति निगम हरकत में आया और जहां-जहां चावल भेजा गया था, वापस लाने की कारवाई की जा रही है। नागरिक आपूर्ति निगम राइस मिलर्स से ▶▶|शेष पेज 7 पर

**खाद्य विभाग के निरीक्षण की रिपोर्ट कलेक्टर तक पहुंचने से मामला सामने आया**



### कवर कैप ढककर गोदाम में स्टॉक नहीं किया

*नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक मक्कड़ ने हरिभूमि को बताया चावल उच्च क्वालिटी का है, किंतु बारिश में गोदाम को पैक करने और चावल थप्पियों पर कवर कैप नहीं ढकने से कुछ पैकेट चावल में फफूंद की शिकायत मिली। शिकायत के बाद चावल वापस मंगा लिया गया। इसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई है।*

### फफूंद लगा चावल राशन दुकान पहुंचने की शिकायत

*शहर के कुछ राशन दुकानों में फफूंद लगा चावल पहुंचा था, जिसकी जांच में पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौपी गई। कलेक्टर के निर्देश पर फफूंद लगा चावल और कितने दुकानों में पहुंचा है, इसकी सघन जांच की जा रही है। राशन दुकानों में कितनी मात्रा में ऐसे चावल पहुंचा है, प्रारंभिक जांच में इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। पूरी जांच के बाद आंकड़ा का वास्तविक मात्रा तय होगी। वैसे जिन राशन दुकानों में फफूंद लगा चावल पाया गया, वहां से वापस मंगवाया जा रहा है।*

*- घनश्याम राठौर, खाद्य नियंत्रक*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भारतीय नागरिक से 800 ग्राम सोना बरामद



**काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय नागरिक को गुदा में सोना छिपाकर तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हवाई अड्डे के आगमन परिसर में सुरक्षा जांच के दौरान रौनक मदानी (48) का व्यवहार संदिग्ध प्रतीत हुआ। मदानी को पास के अस्पताल ले जाया गया।

### बस ने बाइक-कार को मारी टक्कर, 3 की मौत

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर खतौली बाईपास के पास हुए एक सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार साल की बच्ची समेत दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह दुर्घटना मंगलवार रात रतनपुरी थाना क्षेत्र में तब हुई जब उत्तराखंड रोडवेज की एक बस ने कार और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। यह बस दिल्ली से उत्तराखंड जा रही थी।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में आठ गिरफ्तार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के अपराध जांच विभाग ने कहा कि उसने ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी करने के आरोप में तीन राज्यों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ऐसा आरोप है कि लोगों ने इन ऐप के जरिए खासी रकम गंवायी है। अपनी तरह के पहले अभियान में तेलंगाना सीआईडी दलों ने राजस्थान, गुजरात और पंजाब में छापे मारे।

### दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल ने मादक पदार्थ नियंत्रक ब्यूरो के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में अमृतसर में नशीली दवाओं के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 365 ग्राम हेरोइन बरामद की। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी। ये कथित तस्कर अमृतसर के चविंदा खुर्द गांव के निवासी हैं, जिन्हें मंगलवार रात खासा बाजार के पास गिरफ्तार किया गया।

### पुंछ में सड़क दुर्घटना में सेना के पांच जवान घायल



**मेंढर/पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक सड़क दुर्घटना में सेना के पांच जवान घायल हो गए। यह घटना मंकोके सेक्टर के घानी गांव में हुई, जब जवान अपनी छुट्टियों के लिए घर जा रहे थे। जवान नियंत्रण रेखा के पास बालनोई इलाके में तैनात थे। ये जवान छुट्टियों पर अपने घर जाने के लिए एक कैब रवाना हुए थे।

## बंगाल की खाड़ी से उठे खतरनाक बवंडर का असर

# मानसून का कहर, कोलकाता-महाराष्ट्र में 18 की मौत, छत्तीसगढ़ में जमकर बारिश

*मानसून उत्तर भारत से लौटने लगा है, लेकिन कई राज्यों में अभी भी बारिश का कहर जारी है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण 8 लोगों की जान चली गई। इधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन भी रुक-रुक कर जारी रही। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल में बारिश का अलर्ट जारी किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने बारिश के सिस्टम का असर कई राज्यों में दिख रहा है। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कई गांवों में बाढ़ के बाद फंसे 50 से अधिक लोगों को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और रक्षा बलों की टीम ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर परांडा तालुका के वांगेगाव्हान में 33 निवासियों को बचाया गया

■ महाराष्ट्र के कई इलाकों में बाढ़ के हालात

उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और रक्षा इकाइयों के कर्मियों ने गांव से पांच लोगों को बचाने के लिए एक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जबकि नावों के जरिए 28 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि मुंगशी गांव में सेना की एक इकाई ने 20 लोगों को बचाया।

इधर, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, पूर्व-मध्य व उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र एक्टिव हुआ है, जिसके असर से छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। रांची समेत झारखंड के कई जिलों में बारिश के काले बादल मंडरा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अबतक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रायपुर में रात 11.30 बजे तक 70 मिमी बारिश



#### इन राज्यों से मानसून की विदाई

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 से 48 घंटों के दौरान राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कुछ और हिस्सों से मानसून की विदाई हो जाएगी। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों से मॉनसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं।

#### मानसून कर चुका है वापसी

उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग से दक्षिण पश्चिम मॉनसून की वापसी शुरू हो गई है। पश्चिमी राजस्थान से 14 सितंबर को वापसी शुरू की थी। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, मप्र, यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल और कश्मीर के कुछ हिस्सों से वापस लौट चुका है।

### छग में जमकर बरसे बादल सोनाखान में 180 मिमी वर्षा

■ राजधानी रायपुर में सात घंटे की अनवरत बरसात से जनजीवन प्रभावित

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने तगड़े सिस्टम का ओडिशा पहुंचने का भारी असर छत्तीसगढ़ पर हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के तीस से ज्यादा स्थानों पर भारी बारिश हुई है। सर्वाधिक वर्षा बलौदाबाजार के सोनाखान में 180 मिमी. दर्ज की गई है। राजधानी में सुबह आठ बजे पानी बरसना शुरू हुआ और 11.30 बजे तक 70 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसकी वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### नये सिस्टम का असर बस्तर में

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के उत्तर और उसे सटे मध्य भाग में 25 सितंबर को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके असर से 26-27 को बस्तर में भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है। माना जा रहा कि सितंबर के अंतिम सप्ताह में बारिश की गतिविधि प्रदेश में बनी रहेगी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की मुहर

# 10.9 लाख रेल कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 10.9 लाख रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दी है। सरकार द्वारा प्रेस को दिए बयान में कहा गया कि कुल बोनस राशि 1,886 करोड़ रुपए है। यह बोनस 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए स्वीकृत किया गया है। पात्र रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा और दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है। मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से 10.9 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। प्रेस को दिए बयान में कहा गया, इस वर्ष भी, लगभग ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### ये होंगे बोनस के पात्र

यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों जैसे पटरियों का रखरखाव करने वाले, ट्रेन चालक, ट्रेन प्रबंधक (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन के सहायक, 'पॉइंट्समैन', मंत्रालय में तैनात कर्मचारियों और ग्रुप-सी के अन्य कर्मचारियों को दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 161.49 करोड़ टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाया।

#### अनुसंधान को बढ़ावा देने 2,277 करोड़

अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप के लिए 2,277 करोड़ रुपए की एक व्यापक योजना को मंजूरी दी और यात्रा एवं संगोष्ठी के माध्यम से ज्ञान को साझा करने को बढ़ावा दिया।

# नवा रायपुर में हेल्थ, होटल और पर्यटन में होगा तीन हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में यह वेलनेस, हेल्थकेयर और पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को ओमाया गार्डन में आयोजित छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट कार्यक्रम में कहा, यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने अर्थव्यवस्था को सरलता, पारदर्शिता और तेजी की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस सुधार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा, ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट : स्वास्थ्य, वेलनेस और पर्यटन निवेश का नया युग



■ साय बोले- पीएम मोदी के विजन पर छत्तीसगढ़ विकसित भारत का हिस्सा बनेगा

#### हेल्थ केयर के 11 बड़े प्रस्ताव

साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट में अस्पतालों और हेल्थकेयर क्षेत्र में 11 बड़े प्रस्ताव सामने आए हैं। इनमें रायपुर का गिन्नी देवी गोयल मणिपाल हॉस्पिटल (500 बेड), नीरगंगा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (450 बेड), ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### होटल और पर्यटन क्षेत्र में निवेश

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और जैव विविधता पर्यटन उद्योग के लिए अपार अवसर प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में होटल और पर्यटन क्षेत्र से भी 652 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

#### मेडिसिटी से बनेगा मेडिकल हब

मुख्यमंत्री ने कहा, नवा रायपुर में विकसित हो रहा मेडिसिटी छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर का बड़ा मेडिकल हब बनाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी यहां मरीज आते हैं। मेडिसिटी के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी और विश्वस्तरीय सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। छत्तीसगढ़ में फार्मा सेक्टर में भी निवेश की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार फार्मा हब तैयार कर रही है, जहां एक ही स्थान पर अनेक फार्मा इंडस्ट्री अपना संचालन करेंगी। इससे प्रदेश में दवा उद्योग को नई दिशा मिलेगी और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के लिए आवश्यक दवाओं की आसान आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

# सीडब्ल्यूसी में बनी चुनावी रणनीति मोदी सरकार पर तीखा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने आज पटना के ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में अपनी कार्यसमिति की विस्तारित बैठक आयोजित कर विपक्षी राजनीति में नई ऊर्जा भरने का प्रयास किया। यह आज़ादी के बाद बिहार में कांग्रेस की पहली ऐसी बैठक मानी जा रही है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की, जबकि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव के.सी. वेणुगोपाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



#### खरगे ने सरकार पर बोला हमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि "यह चुनाव भ्रष्ट मोदी सरकार के अंत की शुरुआत साबित होगा।"

#### चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर चर्चा

बैठक का मुख्य फोकस आगामी बिहार विधानसभा चुनाव रहा। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, लेकिन सीट बंटवारे और ▶▶|शेष पेज 7 पर

## निर्वाचन आयोग ने शुरू की ई-सत्यापन प्रक्रिया

# अब वोटर लिस्ट से नाम हटाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाने की मांग के प्रावधान का दुरुपयोग रोकने के लिए एक ई-सत्यापन प्रक्रिया शुरू की है। मतदाता सूची से नाम हटाने की मांग करने या नाम शामिल करने पर आपत्ति दर्ज कराने वालों को उनके पंजीकृत मोबाइल फोन पर एक बार इस्तेमाल होने वाला पासवर्ड (ओटीपी) मिलेगा।

#### राहुल का दावा, मामला उठाने पर लगाई रोक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि उनके द्वारा मामला उठाए जाने के बाद ही निर्वाचन आयोग ने 'वोट चोरी' पर रोक लगाई है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से पूछा कि वह आलंद में मतदाताओं के नाम 'हटाने' के बारे में कर्नाटक सीआईडी को सबूत कब उपलब्ध कराएंगे। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सवाल किया, ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी, तब आपको ताला लगाना याद आया- अब चोरों को भी पकड़ेंगे।

## ट्रंप टैरिफ और वीजा शुल्क में बढ़ोतरी का दिख रहा असर

# झटके में 3 लाख करोड़ स्वाहा, टाटा से गोदरेज तक सब टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन भगदड़ जारी रही और दिनभर रेड जोन में कारोबार करने के बाद सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ रेड जोन में बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स जहां 386 अंक फिसलकर बंद हुआ, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी ने 112 अंक फिसलकर 25,100 से नीचे आकर क्लोजिंग की। इस दौरान टाटा मोटर्स से लेकर गोदरेज तक के शेयर टूटे और निवेशकों के झटके में 3,00,000 करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। गौरतलब है कि ट्रंप के ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

#### सेंसेक्स के ये 5 शेयर सबसे अधिक लुढ़के

सेंसेक्स के 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसमें भी टाटा मोटर्स का शेयर 2.67 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 1.13 फीसदी से लेकर 2.24 फीसदी तक की गिरावट रही।



#### 2,565 शेयरों में रही गिरावट

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर आज गिरावट के साथ बंद होने वाले शेयरों की संख्या अधिक रही। एक्सचेंज पर कुल 4,320 शेयरों में आज कारोबार देखने को मिला। इसमें से 1,604 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 2,565 शेयरों में गिरावट देखी गई।

#### रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरे सोने-चांदी के दाम



अमेरिकी फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली करने से बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

*दुनिया का सबसे खतरनाक तूफान रगासा इस समय तबाही मचा रहा है। हांगकांग, ताइवान से लेकर चीन तक इसका असर दिखाई दे रहा है। यह तूफान इतना भयानक है कि यह 205 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। तेज हवाएं, मूसलाधार बारिश के चलते हांगकांग ठप हो गया है। हांगकांग से लेकर चीन तक तबाही की तस्वीर दिखाई दे रही है। ताइवान में तूफान ने अब तक 14 लोगों को अपनी चपेट में लिया है। तूफान से आई बाढ़ में 14 लोगों की मौत हो गई, साथ ही 124 अभी लापता हैं। जबकि फिलिपींस में 3 मौतें दर्ज की गईं। हांगकांग में आज लोगों की सुबह तेज हवाओं के साथ हुई। यह आफत की तेज हवाओं ने कई पेड़ों को गिरा दिया है। घरों को नुकसान पहुंचा रही हैं। दो नदियों और समुद्र तट के आसपास के इलाकों में पानी भर गया। हांगकांग में तूफान के चलते अब तक 13 लोग घायल हो गए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।*

# 205 किमी की रफ्तार से तबाही, ताइवान में 14 मौतें, 124 लापता

## तेज हवाएं, मूसलाधार बारिश के चलते हांगकांग ठप





### चीन में अलर्ट

इस तूफान के खतरे को भांपते हुए एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में, जिसे देश की आर्थिक ताकत माना जाता है, अब तक 10 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।





### हांगकांग में 600 फ्लाइट रद्द

हांगकांग में सुपर टाइफून रगासा के असर से हालात बिगड़ गए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि रगासा बुधवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शहर के सबसे करीब होगा। रातभर मौसम तेजी से बिगड़ा है, हवाएं अचानक तेज हुईं और पहले समुद्र तट और ऊंचे इलाकों में इसका असर दिखाई दिया। ऑब्जर्वेटरी ने चेतावनी दी है कि लगातार भारी बारिश, तेज हवा तटों पर ऊंची लहरें और पानी का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ सकता है। लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। तूफान से निपटने के लिए शहरभर में पहले से ही कई तैयारियां कर ली गई हैं। मंगलवार को लगभग 600 फ्लाइट रद्द की गई. सभी स्कूलों बंद कर दिए गए हैं।

### फिलिपींस से शुरू हुआ यह

तूफान रगासा 18 सितंबर को पश्चिमी प्रशांत महासागर में, फिलिपींस के पूर्व में कुछ सौ मील की दूरी से शुरू हुआ। तेजी से ताकतवर होते हुए यह कैटेगरी-5 सुपर टाइफून बन गया। 21 सितंबर की रात को इसकी लगातार हवाओं की रफ्तार 145 नॉट्स (270 किमी/घंटा या 165 मील/घंटा) तक पहुंच गई। 22 सितंबर को इसने फिलिपींस के उत्तरी लूजोन को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे बाढ़ और फसलों-संपत्तियों को नुकसान हुआ।

## खबर संक्षेप

### मोदी आज करेंगे एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट का शिलान्यास



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के बांसवाड़ा में 'अश्विनी के माही बांसवाड़ा राजस्थान एटोमिक पावर प्रोजेक्ट' का शिलान्यास करेंगे। इस प्रोजेक्ट में करीब 42,000 रु करोड़ का निवेश किया जा रहा है और यह परियोजना देश के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट्स में से एक बनेगी। इस प्लांट से भरोसेमंद बेसलोड ऊर्जा की आपूर्ति होगी, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ भारत की ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति करेगा, साथ ही स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

### बुलडोजर पर आदेश संतोषजनक : गवई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आदेश देने पर उन्हें बेहद संतुष्टि मिली थी। इस फैसले में मानवीय पहलू भी जुड़ा था। किसी परिवार को सिर्फ इसलिए परेशान नहीं किया सकता कि उस परिवार का एक सदस्य अपराधी है। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के एक एकेडमिक समूह, 269वें फ्राइडे ग्रुप के कार्यक्रम में बोलते हुए गवई ने कहा- बेंच में उनके साथ जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल थे।

### रैगिंग के बाद हिंसा 39 छात्रों पर एक्शन

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 12 सितंबर को हुई हिंसा के बाद माहौल अभी भी तनावपूर्ण है। इधर कॉलेज प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 39 छात्रों को सजा दी है। इनमें 10 छात्रों को एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया है जबकि 29 छात्रों पर जुर्माना लगाया गया है।

## पटना में महागठबंधन की बैठक में राहुल ने किया जारी

### 'इंडिया' का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' दस्तावेज

# आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा तोड़कर हक देने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक फिर दोहराया कि देश में जातिगत जनगणना होगी और वो आरक्षण में 50 प्रतिशत की दीवार को तोड़ेंगे। पटना में महागठबंधन की बैठक में बुधवार को राहुल, तेजस्वी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आदि नेताओं ने अति पिछड़ा न्याय संकल्प, पटना उद्घोषणा, अतिपिछड़ा वर्ग को लेकर मेनिफेस्टो जारी किया। बैठक में राहुल ने दस्तावेज को 'न्याय और बराबरी की लड़ाई का रोडमैप' बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर यह संकल्प पत्र नीति और कानून के रूप में लागू किया जाएगा। ये वही वोट बैंक है जिनकी गोलबंदी से नीतीश कुमार की बिहार में सत्ता स्थापित हुई । नीतीश के ख़राब स्वास्थ्य की वजह से अब इस वोट बैंक को जोड़ कर रख पाना जदयू के लिए चुनौती माना जा रहा है यही कारण है कि कांग्रेस की नजर ईबीसी वोट बैंक पर है।

**सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराने का भी वादा**

**दलित-आदिवासी को नहीं मिली समाज में उचित भागीदारी**



### बिहार में 'आया नीतीश गया नीतीश' : खड़गे

बैठक में खड़गे ने कहा- हमें ऐसी जातियों को ऊपर उठाना है जो पिछड़े, अति पिछड़े, दलित है, जो हक से वंचित हैं। आज नेताओं ने ठान लिया है कि हमारी सरकार आने के बाद ये 10 पॉइंट घोषणा को लागू करेंगे। पहले आया राम गया राम बोलते थे, अब यहां बिहार मे आया नीतीश गया नीतीश है, एक बार गया तो जाने दो, अब फिर आये तेजस्वी जी, राहुल जी के पास तो जनता के हित मे मत लो, बीजेपी के पास गए इसका मतलब है वे वर्णाश्रम मनुवाद को चलाना चाहते हैं।

### तेजस्वी यादव ने कहा

राजद नेता तेजस्वी ने कहा, जरूरत पड़ने पर 10 पॉइंट से ज्यादा सुधार किया जायेगा, अब समय की जरूरत है सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय किया जाए। तेजस्वी ने ये भी कहा कि, हो सकता है हमलोगों ने आज जो ऐलान किया है उसको भी ये सरकार नकल कर ले। आज नीतीश हाई जैक हो रखे हैं, भ्रष्ट अधिकारी नीतीश के चेहरे का इस्तेमाल करके अपनी तिजोरी भर रहे हैं, सरकार बनेगी तो उन अधिकारियों पर कारवाई होगी।

### यह है अतिपिछड़ा न्याय संकल्प

1. 'अतिपिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम' पारित किया जाएगा। 2. अतिपिछड़ा वर्ग के लिए पंचायत तथा नगर निकाय में वर्तमान 20% आरक्षण को बढ़ाकर 30% किया जाएगा। 3. आबादी के अनुपात में आरक्षण की 50% की सीमा को बढ़ाने हेतु, विधान मंडल पारित कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। 4. नियुक्तियों की चयन प्रक्रिया में 'नाट फाउंड सुटेबल जैसी अवधारणा को अवैध घोषित किया जाएगा। 5. अतिपिछड़ा वर्ग की सूची में अल्प या अति समावेशन से संबंधित सभी मामलों को एक कमेटी बनाकर निष्पादित किया जाएगा। 6. अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति, जन-जाति तथा पिछड़ा वर्ग के सभी आवासीय भूमिहीनों को शहरी क्षेत्रों में 3 डेसिमल तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 5 डेसिमल आवासीय भूमि उपलब्ध करायी जाएगी। 7. यूपीए सरकार द्वारा पारित 'शिक्षा अधिकार अधिनियम' (2010) के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु आरक्षित सीटों का आधा हिस्सा अतिपिछड़ा, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और जन-जाति के बच्चों हेतु निर्धारित किया जाएगा। 8. 25 करोड़ रुपयों तक के सरकारी ठेकों/आपूर्ति कार्यों में अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। 9. संविधान की धारा 15 (5) के अंतर्गत राज्य के सभी निजी शिक्षण संस्थानों के नामांकन हेतु आरक्षण लागू किया जाएगा। 10. आरक्षण की देखरेख के लिए उच्च अधिकार प्राप्त आरक्षण नियामक प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, और जातियों की आरक्षण सूची में कोई भी परिवर्तन केवल विधान मंडल की अनुमति से ही संभव होगा।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने दिया झटका

# एक्स को मानने होंगे भारत के नियम, याचिका खारिज



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) द्वारा केंद्र सरकार के टेकडाउन ऑर्डर को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भारत में काम करने के लिए देश के कानूनों का पालन करना अनिवार्य है। दरअसल, केंद्र सरकार ने ट्विटर को कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक करने के निर्देश दिए थे, लेकिन ट्विटर ने इन आदेशों को चुनौती देते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।

### एक्स का तर्क

एक्स का तर्क था कि उसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है और वह अमेरिकी कानूनों के अनुसार काम करता है, इसलिए भारत के टेकडाउन आदेशों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है। इसके जवाब में सरकार ने कहा कि भारत में किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को देश के कानूनों और नियमों का पालन करना अनिवार्य है, और अनुच्छेद 19 केवल भारतीय नागरिकों के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, विदेशी कंपनियों या गैर-नागरिकों के लिए नहीं।

### नहीं चलेगा अमेरिका में हां भारत में न

एक्स की इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि एक्स अमेरिका में कानूनों का पालन करता है, लेकिन भारत में लागू टेकडाउन आदेशों को मानने से इनकार कर रहा है। अदालत ने यह भी जोड़ते हुए कहा कि हर प्लेटफॉर्म जो भारत में काम करना चाहता है, उसे देश के कानूनों से परिचित होना चाहिए। सोशल मीडिया का नियमन आज के समय की आवश्यकता है और कंपनियों को बिना नियंत्रण के काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# अधिकतर यूक्रेन के साथ खड़ा भारत

## जेलेंस्की ने ट्रंप को दिखाया आईना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और चीन पर लगाए गए यूक्रेन युद्ध के 'प्राइमरी फाइनेंसर' वाले तीखे आरोप के बिलकुल उलट वोल्डोमीर जेलेंस्की की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी सामने आई है। जिसमें उन्होंने भारत को अधिकतर यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ बताया है। साथ ही नई दिल्ली से ये अपेक्षा भी जताई है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव के चलते रूसी ऊर्जा क्षेत्र को लेकर अपने रुख में परिवर्तन करेगी। पश्चिमी देशों खासकर यूरोप को जेलेंस्की ने सलाह दी कि उन्हें भारत से अपने संबंधों को मजबूत बनाना चाहिए। साथ ही कहा, भारतीयों के साथ अलगाव की स्थिति उपयुक्त नहीं है। फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी है। जिसमें उनसे ये सवाल पूछा गया था कि क्या चीन और भारत यूक्रेन के खिलाफ ऊर्जा खरीद के जरिए रूस के युद्ध में योगदान दे रहे हैं? इस युद्ध में दोनों देशों की कैसी भूमिका है?

### बातचीत-कूटनीति से निकले हल: भारत

गौरतलब है कि भारत ने शुरुआत से ही रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में शांति का पक्ष लिया है। जिसमें उसका पूरा जोर बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद का समाधान निकालने पर केंद्रित है। शांति स्थापना को लेकर चल रहे सभी प्रयासों में भारत समर्थन देने के लिए तैयार है। बीते वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रूस, यूक्रेन की यात्राओं में भी दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई आमने-सामने की बातचीत के अलावा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे वैश्विक आयोजनों में भी नई दिल्ली के उक्त रुख के प्रति बनी हुई प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया है।

## 50 मीटर गड्ढे में समाईं गाड़ियां...



### बैंकॉक, थाईलैंड में हादसा, अचानक धंसी सड़क

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बुधवार सुबह 7 बजे बड़ा हादसा हो गया। शहर के वजीरा अस्पताल के सामने अचानक सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया और वहां करीब 50 मीटर गहरा और 30X30 मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। इसके चलते पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कई वाहन सड़क पर मौजूद थे, लोगों ने तेजी से अपने वाहन पीछे हटाए और किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि, तीन गाड़ियां गड्ढे की चपेट में फिर भी आ गईं।

## अमेरिका द्वारा एच1 बी वीजा शुल्क बढ़ाने का दिखने लगा असर

# जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया में बढ़ी भारतीय छात्रों की दिलचस्पी

### छात्रों और पेशेवरों के लिए खुले नए देशों के विकल्प

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने एच-1बी वीज़ा प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए सालाना शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित इस फैसले से भारतीय तकनीकी पेशेवरों और छात्रों में चिंता बढ़ गई है। भारत से सबसे अधिक संख्या में युवा इस वीज़ा के ज़रिये अमेरिका जाते हैं। हालांकि, बदलते वैश्विक हालातों में अब भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए अन्य देशों के नए विकल्प खुल रहे हैं। **जर्मनी :** जर्मनी भारतीय छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। 2022 में 13.2% से बढ़कर 2024–25 में यह हिस्सा 32.6% तक पहुंच गया। यहां ट्यूशन फीस बहुत कम या न के बराबर है। नई स्किल्ड इमीग्रेशन एक्ट के तहत भारतीय छात्र अब 20 घंटे प्रति सप्ताह काम कर सकते हैं और शॉर्ट-टर्म प्रोग्राम्स के लिए फ्री वीज़ा भी उपलब्ध है।




**ऑस्ट्रिया :** ऑस्ट्रिया ने भारतीय छात्रों के लिए दो साल का नया मास्टर्स प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें इंडस्ट्री एक्सपोज़र शामिल है। यहां पढ़ाई का खर्च भी काफी कम है और स्टेम क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की मांग है। पढ़ाई के दौरान छात्र 20 घंटे तक काम कर सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया :** ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय युवाओं के लिए एमएटीईएस प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसमें 30 वर्ष तक की उम्र वाले भारतीय ग्रेजुएट और शुरुआती करियर प्रोफेशनल्स को दो साल तक ऑस्ट्रेलिया में काम करने का अवसर मिलेगा। इसमें आईसीटी, एआई फिनटेक, एग्रीटेक, माइनिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों के छात्र शामिल हो सकते हैं।

**फ्रांस :** फ्रांस में भारतीय छात्रों के लिए विशेष प्रावधान है। मास्टर डिग्री या उससे अधिक पढ़ाई करने वाले और एक सेमेस्टर फ्रांस में पूरा करने वाले छात्र 5 साल का शॉर्ट-स्टे शेंगेन वीज़ा पा सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने क्लासेस इंटरनेशनल्स कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें भारतीय छात्र एक साल फ्रेंच भाषा सीखने के बाद अपनी पसंद का कोर्स कर सकते हैं।

**चीन :** चीन ने हाल ही में 'के वीज़ा' पेश किया है, जो खासकर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स (एसटीईएम) छात्रों के लिए है। यह मल्टीपल एंट्री, लंबी वैधता और अधिक लचीलापन देगा। वीज़ा धारक शैक्षणिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक शोध और उद्यमिता से जुड़े कार्य कर सकेंगे।

### अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में गिरावट

न केवल अमेरिका बल्कि कनाडा और ब्रिटेन जैसे पारंपरिक शिक्षा केंद्रों में भी भारतीय छात्रों की रुचि घटी है।

कनाडा: 32% गिरावट, 2.78 लाख से घटकर 1.89 लाख परमिट।

अमेरिका: 34% गिरावट, 1,31,000 से घटकर 86,110 एफ-1 वीज़ा।

ब्रिटेन: 26% गिरावट, 1,20,000 से घटकर 88,732 स्टूडेंट वीज़ा।

# नीट में 99.99% अंक, लेकिन एडमिशन के पहले सुसाइड

एजेंसी ▶▶| चंद्रपुर



■ सुसाइड नोट में लिखा- डॉक्टर नहीं बनना चाहता

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 19 वर्षीय अनुराग अनिल बोरकर ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने हाल ही में नीट परीक्षा पास की थी। पुलिस के मुताबिक, युवक ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उसने लिखा कि वह मेडिकल की पढ़ाई नहीं करना चाहता, बल्कि बिजनेस करना चाहता है। जानकारी के मुताबिक, अनुराग चंद्रपुर के सिंदेवाही तालुका के नवरगांव का निवासी था। उसने नीट परीक्षा में ओबीसी श्रेणी में 1475वीं रैंक हासिल की थी और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में दाखिले की तैयारी कर रहा था। परिवारवालों ने बताया कि वह पढ़ाई में काफी मेधावी था, लेकिन मेडिकल लाइन को लेकर उसकी दिलचस्पी नहीं थी। परिजनों ने मंगलवार तड़के उसे कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# शांति के लिए खत पर नक्सलियों में अशांति, संगठन में दो फाड़

**जगदलपुर।** प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया में पांच दिन पूर्व पोलित ब्यूरो सदस्य भूपति उर्फ सोनू द्वारा अभय के नाम से जारी किए गए युद्ध विराम की घोषणा का प्रेसनोट अब उसे ही महंगा पड़ रहा है। इस पत्र के जारी होने के बाद केन्द्रीय समिति व दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ताओं ने एक साथ प्रेसनोट जारी कर इसे सोनू का व्यक्तिगत राय बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि 22 सितम्बर को भूपति व उर्फ सोनू ने केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय के नाम से प्रेसनोट जारी कर केन्द्र व राज्य सरकार से शांति वार्ता व युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा था। इसी पत्र के जारी होने के बाद अब नक्सल संगठन में भूचाल आया हुआ है। संगठन के पोलित ब्यूरो मेम्बर भूपति उर्फ सोनू ने शांति वार्ता को लेकर जो पत्र जारी किया था, उसको लेकर माओवादियों की केंद्रीय कमेटी ने विरोध दर्ज किया है। नारायणपुर जिले के माड़ मुठभेड़ में मारे जाने से दो दिन पूर्व केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता विकल्प और दण्डाकरण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ता अभय द्वारा जारी संयुक्त पत्र में सोनू द्वारा उल्लेख शांतिवार्ता की बात को जहां उनकी निजी राय करार दिया है, वहीं उस पत्र को लेकर भूपति के पास अभी जो भी जवाबदारियां है, उन सबसे उससे बर्खास्त करने की बात कही गई है।

# मां अंगारमोती मंदिर पहुंचा दंतैल हाथी

**धमतरी।** रात में दंतैल हाथी मां अंगारमोती मंदिर के गेट तक पहुंच गया। हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और चिंघाड़ते हुए लौट गया लेकिन मंदिर तक हाथी के पहुंचने से वहां दुकानदार और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। उधर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर प्रशासन द्वारा 20 वालंटियर की टीम तैनात की गई है। साउंड सिस्टम से मुनादी कर श्रद्धालुओं को अलर्ट भी किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से गंगरेल बांध क्षेत्र में एक दंतैल हाथी विचरण कर रहा है। यह हाथी डांगीमाचा, तुमराबहार, बोरिदखुर्द, सोरम, गंगरेल के जंगल में घूम रहा है। मंगलवार रात करीब 9.20 बजे यह हाथी गंगरेल बांध के तट पर स्थित मां अंगारमोती मंदिर के गेट तक पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि नवरात्रि होने के कारण रात तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।




# दस्तावेज फर्जी, तहसीलदार ने बंग्लादेशी परिवार के जन्म प्रमाणपत्रों को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



परलकोट क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इन मामलों का खुलासा प्रशासन की सख्ती और जांच के बाद हुआ। एक मामले में बांग्लादेश से आए एक परिवार ने अपने बेटे के लिए फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने की कोशिश किया। दूसरे मामले में एक महिला ने भी गलत दस्तावेज पेश कर जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने का प्रयास किया।

■ दोनों परिवारों का मामला पुलिस के हवाले, जांच के बाद होगी कार्रवाई

तहसीलदार ने 7 अगस्त 2025 को प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश भी दे दिया था, परंतु पंचायत से अभी तक जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ था। तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर के द्वारा गलत ढंग से जन्मप्रमाण पत्र जारी करने का मामला उछला, तुंरतु तहसीलदार गाँव पहुँचकर मामले की जाँच किया, जांच के दौरान परिवार के पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट भी मिला, जिससे यह साबित हुआ कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं। इस खुलासे के बाद तहसीलदार ने परिवार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराया है। तहसीलदार ने बताया कि यह परिवार अवैध रूप से भारत में रह रहा था और अब पुलिस इस संबंध में जरूरी कार्रवाई करेगी। एक अन्य मामले में नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड 5 की निवासी मनीषा हिजड़ा नाम की महिला ने भी फर्जी दस्तावेज पेश कर जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया।

## बांग्लादेशी परिवार का मामला

सूत्रों की मानें तो ग्राम अनूपपुर पीव्ही-127 निवासी 68 वर्षीय प्रशांत बैरागी और उनके बेटे सुकृति बैरागी साल 2022 में बांग्लादेश से वीजा पर भारत आए थे। उनका वीजा 2023 में ही समाप्त हो गया था, लेकिन वे यहीं रुक गए। प्रशासन को दी गई जानकारी के मुताबिक प्रशांत बैरागी ने अपने बेटे का जन्म 2008 में हुआ दिखाने के लिए फर्जी स्कूल मार्कशीट, पंचायत और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्रमाण पत्र बनवाए। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने पखांजूर तहसील में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है।

## थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई

दोनों मामलों का खुलासा होने के बाद तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से दोनों आदेशों को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही फर्जी दस्तावेजों के साथ पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। तहसीलदार ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस तरह के अवैध कार्यों में शामिल न हों, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। देशभर में बांग्लादेशी नागरिकता और मतदाता सूची की जांच के आदेश के बाद परलकोट क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालय पहुँच रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आए वे परिवार भी रहते हैं जिन्हें भारत सरकार ने नागरिकता दी है। लेकिन, इनके अलावा वे परिवार भी हैं जिनके पास भारतीय नागरिकता नहीं है और वे फर्जी दस्तावेजों के सहारे खुद को भारतीय नागरिक साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।






## चिंतन

# हादसे की अधूरी जांच पर हो-हल्ला करना ठीक नहीं

अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर आई विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट लगातार चर्चा में है। इस रिपोर्ट में विमान हादसे के पीछे फ्यूल कटऑफ का अंदेशा जताया गया है, जिसे लेकर पायलट यूनियन का गुस्सा भड़क गया है। असल तो किसी भी जांच के प्रारंभिक हिस्से पर चर्चा करना ही उचित नहीं है। जब तक जांच पूरी न हो जाए, उस बारे में कुछ नहीं कहा जाना चाहिए और न ही अधूरी जांच रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी जांच को लेकर सख्त टिप्पणी कर चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने एएआईबी की प्राथमिक जांच को 'गैरजिम्मेदाराना' करार दिया था। इस रिपोर्ट में प्लेन क्रैश की वजह साफ न करते हुए पायलट की चूक का अंदेशा जताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खासी नाराजगी जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, इसको लेकर पूर्ण गोपनीयता बने रहना बहुत ही महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस दुर्घटना की स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली पीआईएल पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जांच रिपोर्ट की टुकड़ों में जानकारी लीक करने के बजाए, नियमित जांच में तार्किक निष्कर्ष निकलने तक लोगों को गोपनीयता बरतनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद जांच रिपोर्ट को लेकर हो-हल्ला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ ने जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए पायलट के द्वारा विमान का फ्यूल कटऑफ करने वाली थ्योरी की कड़ी निंदा की है। संघ का कहना है कि जांच पूरी हुए बिना पायलट पर इस तरह से इल्जाम लगाना सही नहीं है। पायलट की आत्महत्या का यह आरोप पूरी तरह से निराधार है। फेडरेशन का आरोप है कि अधिकारी जांच से पहले पायलट की गलती की कहानी को हवा दे रहे हैं। फेडरेशन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। यह असंभव सी बात है कि ऐसी आपात स्थिति के दौरान कॉकपिट में कोई हलचल न हुई हो। ऐसी परिस्थितियों में वहां इतनी शांति कैसे हो सकती है। जाहिर है कि कुछ पहलुओं को जानबूझकर छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। चूंकि यह रिपोर्ट एक व्यापक परिचालन वाले बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान से जुड़ी है तो पूरी दुनिया के लिए उसके गहरे निहितार्थ हैं और दुनियाभर में इस पर चर्चा हो रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और सटीक होनी चाहिए ताकि किसी को भी इस पर उंगली उठाने का मौका ही न मिले। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि फ्यूल वाल्व-स्विच कट ऑफ कर दिए गए थे। ऐसे में अगर फ्यूल वाल्व-स्विच को कट ऑफ स्थिति में ले जाने के लिए वापस मोड़ने की वजह बताई जाए तो यह गहन जांच का विषय है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर व्यापक डिजिटल एवं साफ्टवेयर प्रणाली पर संचालित विमान है, जिसे निरंतर रूप से सिस्टम अपडेट एवं सिक्योरिटी पैच की भी आवश्यकता होती है। अगर फ्यूल स्विच कट ऑफ हो गए तो इसके पीछे के कारण को तलाशना होगा, लेकिन हम ऐसा करने की बजाए प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में ही उलझते नजर आ रहे हैं। स्वाभाविक तौर पर जांच में तमाम जटिलताएं आएंगी, लेकिन इस काम को पूरा करने की प्रक्रिया में सभी जांच एजेंसियों को कोई कोर-कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। जांच में महत्वपूर्ण कोई कंपनी नहीं बल्कि इसमें उन लोगों की उम्मीदें भी जुड़ी हैं जिन्होंने हादसे में अपनों को खोया है।



जयंती विशेष
मनोहर लाल

# उपाध्याय ने दिया 'अंत्योदय' का मंत्र

आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।

भारतीय राजनीतिक इतिहास में अनेकानेक नेता हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्र को अलग-अलग दौर में नई दिशा देने का कार्य किया, लेकिन उनमें से विरले ही ऐसे हुए हैं, जिन्होंने राजनीति को विशेषाधिकार न मानकर, सेवा,समर्पण व संकल्प का माध्यम माना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ही एक महामानव थे, जिन्होंने राजनीति को समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान से जोड़ा। उन्होंने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि यदि राष्ट्र निर्माण की कसौटी तय करनी हो, तो वह यही होनी चाहिए कि विकास की राह समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। 'अंत्योदय' उनके लिए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र था। उनका कथन था,"हमारी राजनीति का लक्ष्य सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज का उत्थान होना चाहिए।"

आज 25 सितंबर को जब हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं, तो यह स्मरण करना आवश्यक है कि उनका दर्शन कैसे समय की धारा को प्रभावित करता हुआ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंत्योदय भावना को न केवल आत्मसात किया, बल्कि उसे अपनी कार्यशैली और शासन तंत्र का मूल आधार बना लिया। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंत्योदय को केवल विचार या दर्शन से आगे बढ़ाकर विकास का व्यवहारिक स्वरूप दिया है। साढ़े बाहर साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते व बीते करीब साढ़े ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी ने सरकार की तमाम नीतियों व योजनाओं के केंद्र में गरीब, वंचित, किसान, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास के केंद्र में रखा। 26 मई 2014 को जब उन्होंने प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। सामाजिक-आर्थिक असमानता, व्यापक गरीबी और हाशिए पर पड़े वर्गों की उपेक्षा जैसी समस्याएं गहरी थीं। ऐसे में उन्होंने 15 अगस्त 2014 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से अपने बतौर प्रधानमंत्री पहले ही भाषण में उन गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का साहसिक कदम उठाया, जो बैंकों के दरवाजे तक जाने में झिझकते थे।

'प्रधानमंत्री जन धन योजना' तहत खुले 56 करोड़ बैंक खातों के जरिए गरीबों को वित्तीय समावेशन का अवसर मिला। यह केवल बैंक खाता खोलने की योजनाभर नहीं बल्कि यह गरीब को आर्थिक आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी प्रदान करने वाला युगांतरकारी कदम है। इस योजना से गरीब की बिचौलियों के चंगुल से मेहनत की कमाई सुरक्षित हुई, लाभकारी योजनाओं की धनराशि डीबीटी के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में जमा हुई और वे देश की अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ सके। अंत्योदय की भावना को घर के चूल्हे-चौके तक 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के जरिए पहुंचाया। जिन माताओं, बहनों ने पीढ़ियों तक धुएं से भरे चूल्हों पर खाना पकाया, उन्हें एलपीजी गैस कनेक्शन देकर न केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा दी गई, बल्कि उनका सम्मान भी लौटा। यह योजना केवल ईंधन बदलने का उपक्रम नहीं,बल्कि महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता सुधारने का महान अभियान साबित हुआ। पंडित दीन दयाल का अंत्योदय दर्शन बड़े पैमाने पर उस समय सामने आया जब दुनिया कोरोना महामारी, वैक्सीन, खाद्य संकट व नौकरियां जाने से जूझ रहे थे तब देश में मार्च 2020 से 80 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की पहल प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जनवरी 2029 तक विस्तार से यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी गरीब के घर का चूल्हा ठंड न पड़े, कोई परिवार भूखा न सोए। यह कदम केवल मानवीय करुणा का उदाहरण नहीं,बल्कि भारत के शासन-तंत्र की दृढ़ता व संवेदनशीलता का भी प्रमाण है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा कवच प्रदान किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने 11 करोड़ छोटे गरीब किसानों के खातों में प्रतिवर्ष छह हजार रुपये सीधे पहुंचाकर उनके जीवन को आर्थिक संबल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीबों को छत दी, जल जीवन मिशन ने हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा, डिजिटल इंडिया ने गांव-गांव को तकनीक की शक्ति से जोड़ा। इन सबका सार वही था, जिसे दीनदयाल जी ने कहा था "सच्चा विकास वही है, जिसमें अंतिम व्यक्ति तक सुविधा, अवसर और सम्मान पहुंचे।" अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी अंत्योदय भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। ड्रोन दीदी योजना इसका नया उदाहरण है। यह योजना गांव की साधारण महिलाओं को ड्रोन तकनीक के माध्यम से कृषि कार्यों में दक्ष बनाकर न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उद्यमिता का नया आयाम भी दे रही है।



इन महिलाओं को समाज अब 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान रहा है। यह अंत्योदय से सशक्तिकरण की यात्रा का जीवंत उदाहरण है। अंत्योदय को केवल दया या कृपा का विषय नहीं माना गया, बल्कि उसे गरीब का अधिकार और अवसर का आधार बनाया गया। भारत आज केवल तेजी से प्रगति करती हुई दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास का वैश्विक मॉडल बन चुका है।

यह इस बात का प्रमाण है कि जब नेतृत्व का केंद्र अंतिम व्यक्ति हो, तो विकास आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हर वर्ग के उत्थान में झलकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था -"राजनीति में सफलता का वास्तविक मापदंड यही है कि वह समाज के सबसे छोटे व कमजोर वर्ग तक पहुंचकर उसके जीवन को बेहतर बना सके।" पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हमें स्मरण कराती है कि "मनसा वाचा कर्मणा यः समक्रीयते" यानी मन, वचन एवं कर्म में समरसता और सत्यनिष्ठा से राष्ट्र निर्माण की गति अजेय हो जाती है। जब राजनीति सेवा एवं समर्पण का पर्याय हो, तो प्रगति केवल नीतियों का दस्तावेज नहीं, बल्कि करोड़ों गरीबों के जीवन में प्रकाश बनकर उतरती है।

(लेखक केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती पर विशेष
डॉ. अवधेश कुमार जैन



# एकात्म मानव दर्शन से विश्व कल्याण संभव

एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल का जन्म बृजभूमि में मथुरा जिला के नगला चंद्रभान के ग्राम में 25 सितंबर 1916 को हुआ। इस पृथ्वी पर विधाता महान् कार्यों के लिए जिनका चयन करता है। उसे प्रारंभ से अंत तक कठिनाइयों का सामना करने की विचित्र योजना विधाता रचता है। दीनदयाल तीन वर्ष की आयु में पिता भगवतीप्रसाद उपाध्याय, आठ वर्ष की आयु में माता श्रीमती रामप्यारी उपाध्याय, दस वर्ष की आयु में नाना चुन्नीलाल, 15 वर्ष की आयु में मातृतुल्य मामी, 18 वर्ष की आयु में छोटा भाई शिवदयाल और छः माह पश्चात नानी कालकवलीत हो गई। दीना की ममेरी बहन रमादेवी को बड़ी बीमारी के कारण न बचा सके। शायद नियती योजनापूर्वक उनमें वैराग्य उत्पन्न करना चाहती थी।

दीनदयाल विद्यार्थी जीवन में बहुत प्रतिभाशाली थे। मैट्रिक में पूरे अजमेर बोर्ड में तथा इंटरमीडियट बोर्ड परीक्षा में प्रथम आए व स्वर्ण पदक से उन्हें सम्मान प्राप्त हुआ। कानपुर से बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रशासनिक परीक्षा में बैठे, उत्तीर्ण भी हुए एवं साक्षात्कार में चुन लिए गए, परन्तु उन्होंने देश सेवा का मार्ग चुना और 1942 में उत्तरप्रदेश के लखीमपुर जिले में प्रचारक जीवन प्रारंभ किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय का करिश्माई नेतृत्व था जिससे जनसंघ का विकास हुआ। 'एकात्ममानववाद' का जन्म ऐतिहासिक विचार की श्रृंखला के रूप में प्रारम्भ हुआ। जब विश्व असमंजस के दोराहे पर खड़ा था तब पं. दीनदयाल ने एकात्म मानववाद का प्रतिपादन किया। उन्होंने बताया कि पश्चिम ने मानव का एकांगी विचार दिया। प्रजातन्त्र में उसे एक राजनैतिक प्राणी माना गया व समाजवाद में शारीरिक आवश्यकताओं वाला व्यक्ति मात्र। विचार करें कि व्यक्ति की आवश्यकता क्या है? सभी प्राणी मात्र में यह आवश्यकता समान है। उसे भोजन, मौसमानुसार वस्त्र, सिर पर छत चाहिए। पर मनुष्य केवल इतना नहीं है। कोई व्यक्ति आनंदपूर्वक भोजन कर रहा हो और खबर आ जाए कि मां की मृत्यु हो गई तो भोजन छूट जाता है व अब वह अच्छा नहीं लगता। शरीर स्वस्थ होने व मन के विपरीत कुछ भी ना होने पर भी स्काईजौफैनिया के रोग से ग्रसित व्यक्ति के निकट कोई भी व्यक्ति जाता है, तो उसे भय होता है कि वह उसके खिलाफ षड्यंत्र कर रहा है। मानव जीवन भौतिक मात्र नहीं अपितु पराभौतिक भी हैं, जिस विचारधारा में शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा का संकलित विचार हो, वहीं कल्याणकारी हो सकती है। संसार में हींगल ने सार्वत्रिक संघर्ष मानकर उसे संतुलित व्यवस्थायें बनाने की चेष्टा की। डार्विन ने 'सरवाईवल ऑफ दी फिटेस्ट' का सिद्धान्त प्रतिपादन किया अर्थात 'जो पिछड़ जाता है, वह छूट जाता है, छूटने लायक ही होता है वह'। भारतीय मनीषा सृष्टि में परस्पर सहयोग व सहअस्तित्व की विचारधारा को स्वीकार करती हैं, अर्थात विविधताएं ऊपरी है, भीतर एकात्मकता है। गीता में सृष्टि की विभिन्नता की अव्यय एकत्व को देखना सात्विक ज्ञान हैं-

*सर्वभूतेषु येनेंकं भावमव्ययमीक्षते।*
*अविभक्तं विभक्तेषु तत्ज्ञानं विद्धि सात्तिवकम।*

पं दीनदयाल उपाध्याय ने मानव की चतुरआयामी आवश्यकता-शरीर, मन, बुद्धि व आत्मा की पूर्ति हेतु चतुरआयामी पुरूषार्थ अर्थ, धर्म, काम करते हुए मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग "एकात्ममानववाद" की व्याख्या की। संक्षेप में जब व्यक्ति अपने चतुरआयामी सुख शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा की पूर्ति हेतु त्रिवर्ग पुरुषार्थ अर्थ, धर्म,काम को निष्काम भाव से धर्मानुकूल आचरण कर करता है तो वह पाने की इच्छा और खोने के भय से ,कर्म बंधन से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करने का अधिकारी हो जाता है। एकात्ममानव दर्शन को प्रतिपादन दीनदयाल ने किया जो कि राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी की धारा-3 के अन्तर्गत भाजपा का मूल दर्शन है। 11 फरवरी 1968 को रहस्यमयी परिस्थिति में दीनदयाल जी की हत्या हो गई। जनसंघ को दीनदयाल ने देश का सबसे बड़ा दल बनाने की नीव रखी जो कि नवीन रूप में भाजपा है।

एकात्ममानव दर्शन मानव से परमसुखी महामानव निर्माण का सूत्र विश्व को मिल गया। राजनैतिक दल के रूप में श्रेष्ठ विकल्प तो देश को मिल गया परंतु दीनदयाल का विकल्प आज तक देश को नहीं मिला तभी तो आचार्य कृपलानी ने दीनदयाल की मृत्यु पर कहा था-देश दूसरे दीनदयाल को तरसेगा।

*-संदर्भ : पं. दीनदयाल उपाध्याय-चिंतन और विचार*

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## बद्री दर्शन



उत्तराखंड के चमोली में नवरात्रि उत्सव पर बद्रीनाथ धाम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारी बारिश के बाद भी भक्तों की आस्था बनी रही।

## आज की पाती

### एआई से बदलेगा इलाज का भविष्य

अब तक फिल्मों में जिस तरह की हाईटेक मशीनों को देखा गया है, वह हकीकत बनने की ओर बढ़ रही है। यूरोप के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है जो 1000 से ज्यादा बीमारियों का खतरा पहले से भांप सकता है। डेल्फी 2-एम नामक यह टूल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य का विस्तृत पूर्वानुमान लगाकर अगले 10 साल या उससे भी आगे तक की बीमारियों के बारे में अलर्ट दे सकता है। इस एआई मॉडल को यूरोपियन मॉलिक्यूलर बायोलॉजी लेबोरेटरी, जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर और कोपनहेगन यूनिवर्सिटी ने मिलकर तैयार किया है। इसे ट्रेनिंग देने के लिए करीब 23 लाख लोगों का स्वास्थ्य डेटा इस्तेमाल किया गया। यह मॉडल बीमारियों का पैटर्न समझता है।

*- मनीष यदु, दुर्ग*

## ट्रेंड

### रेल कनेक्टिविटी



बिहार में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज हमारी सरकार ने बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इसका लाभ इस पूरे क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को भी होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को प्रोत्साहन देने से न केवल देश के छोटे-बड़े व्यापारियों को मजबूती मिलती है, बल्कि रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है।

-पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड

### बेरोजगारी बड़ी समस्या



भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोज़गार और अवसर देना।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### अनावश्यक नौकरशाही



सामान्यतः, पैमाना एक अच्छी बात है। लेकिन अगर बड़ा होना किसी संगठन को नौकरशाही और प्रक्रियाओं व नियमों का कैदी बना देता है, तो यह निश्चित रूप से नवाचार और तेज़ विकास को बाधित कर सकता है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### ट्रंप की भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने में भूमिका : रुबियो



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच 'बेहद खतरनाक' संघर्ष को रोकने में 'काफी हद तक शामिल' रहे थे। मंगलवार को यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक में रुबियो ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक वैश्विक शांति बहाल करना है। उन्होंने कहा, 'जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पद संभाला तो उन्होंने दुनिया में जहां भी अवसर मिला वहां शांति बहाल करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया। और इसमें कई स्थानों पर बड़ी सफलता मिली है।'रुबियो ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था, जो बहुत खतरनाक था। राष्ट्रपति ने इसमें बीच-बचाव करने का फैसला किया और शत्रुता समाप्त करने में बहुत अहम भूमिका निभाई।' रुबियो ने कहा कि ट्रंप ने थाईलैंड और कंबोडिया, कांगो और रवांडा तथा अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच संघर्षों को हल करने में भी 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यूक्रेन में जारी युद्ध एक असाधारण चुनौती साबित हुआ है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, राष्ट्रपति ने इस पर लगातार काम किया है, इसमें अपना बहुत सारा समय, ऊर्जा लगायी और सरकार के सर्वोच्च स्तर तक भागीदारी की।'

## ऑफ बीट

### क्या गर्भावस्था में महिलाओं को पैरासिटामोल लेना ठीक है



पैरासिटामोल को 'कैटेगरी ए' ड्रग के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसका मतलब है कि कई गर्भवती महिलाएं और प्रजनन आयु वाली महिलाएं इसे बिना किसी जन्म दोष या भ्रूण पर हानिकारक प्रभाव के लंबे समय तक उपयोग करती रही हैं। गर्भावस्था में बुखार का इलाज महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में इलाज न किए गए उच्च बुखार से गर्भपात, न्यूरल ट्यूब दोष, और हृदय दोष हो सकते हैं। गर्भावस्था में संक्रमण भी ऑटिज़्म के जोखिम को बढ़ा सकता है। हाल के शोध में क्या पाया गया? साल 2021 में एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ पैनल ने गर्भावस्था में पैरासिटामोल के उपयोग पर मानव और जानवरों पर किए गए अध्ययन के प्रमाणों की समीक्षा की थी। उनका एकमत बयान था कि गर्भावस्था के दौरान पैरासिटामोल का उपयोग भ्रूण के विकास को प्रभावित कर सकता है, जो बाद में बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। पिछले महीने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैरासिटामोल और न्यूरो-डेवलपमेंटल विकारों, जैसे ऑटिज़्म और एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिस्ऑर्डर) के बीच संबंध का अध्ययन किया।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सीईसी को आईआईटी, कानपुर का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को उनके शिक्षण संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-कानपुर) के शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार कुमार को कानपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 'उत्कृष्ट पूर्व छात्र' पुरस्कार से नवाजा गया है। .

## 11.4 करोड़ की हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास मिजोरम के चम्फाई जिले में 11.4 करोड़ रुपये मूल्य की 1.37 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। अर्धसैनिक बल ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स के जवानों ने जोखावथर कस्बे में तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे एक छिपाया हुआ थैला उठाने की कोशिश कर रहे थे।

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**TENDER NOTICE –TENDER No. 01/2025**

Bids are invited from consultancy firms for carrying out intensive audit to ascertain the circumstances in which Chhattisgarh State Power Distribution Company Limited operated and functioned without recovery of regulatory assets/revenue gap during FY 2016-17, FY 2020-21 and FY 2023-24. The tender documents are available on the Commission's website-www.cserc.gov.in.

Last date for submission of tender – 16/10/2025 till 3:00 PM

"SAVE ELECTRICITY" SECRETARY

**INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA**
**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय**
**BTC COLLEGE OF AGRICULTURE & RESEARCH STATION,**
**बै.ठा. छे. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र**
Sarkanda, Bilaspur (Chhattisgarh )
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001
Email-deancars.bilaspur@igkv.ac.in

क्रमांक / शैक्ष./2025-26 / 2337 बिलासपुर, दिनांकः 23/09/2025

**//विज्ञापन//**

बै.ठा. छे. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकण्डा, बिलासपुर में संचालित बी.एस-सी कृषि (आनर्स) के आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन और पशुधन उत्पादन प्रबंधन (LPM) विषयों के लिए अतिथि शिक्षक की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन रजिस्टर्ड/ स्पीड पोस्ट/ स्वयं द्वारा अधिष्ठाता, बैठा. छे. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकण्डा, बिलासपुर 495001 (छ.ग.) को अंतिम तिथि दिनांक 14/10/2025 सायं 5 बजे तक भेज सकते है। साक्षात्कार दिनांक 17/10/2025 को प्रातः 11 बजे से कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित किया जावेगा। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igkv.ac.in में उपलब्ध है।

**अधिष्ठाता**
**बै. ठा. छे. कृषि महावि. एवं अनु. केन्द्र**
**(इं.गा.कृ.वि.वि.) बिलासपुर (छ.ग.)**

S-45360/1

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO./58/EE/Water/2025 RAIPUR DATED : 22/09/2025

Online bids are invited for the following works up to 14/10/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 176235 | 24x7 जलप्रदाय योजना में सम्मिलित मोतीबाग पानी टंकी के सम्पवेल पंप हाऊस में 110KW/150 HP पम्प मोटर सेट तथा इलेक्ट्रिकल पेनल सेट का सिविल सहित स्थापना कार्य। | 97,92,070.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 22/09/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:-

1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System.
*Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**EXECUTIVE ENGINEER**
**Water Department**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**Zone-03**
**Email:- rmczone3@gmail.com**

**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2st Call)

NIT NO: 39/ZONE-3/2025-26 RAIPUR DATED: 24.09.2025

Online bids are Invited for the following works up to 14.10.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 176484 | शंकर नगर वार्ड क्रमांक-30 अंतर्गत कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 38 सफाई कर्मचारी (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराये जाने का कार्य। | 59.24 Lacs |
| 01 | 176485 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत जोन गैंग हेतु कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 15 सफाई कर्मचारी (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराये जाने का कार्य। | 23.39 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24.09.2025, 17.30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE: -**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 through or Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-03**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**:ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना:-**

दिनांक :- 23.09.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.10.2025 तक** है।

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 11 Tender no. 176104 | N.I.T. for Detailed Boring Works for Construction of Various Bridges Under Sub Division - Kawardha for Year 2025-26 | रू. 46.38 लाख |
| NIT NO. 12 Tender no. 176105 | N.I.T. For Detail Boring work For Construction of Various Bridge UnderSub-Division Rajnandgaon. | रू. 26.76 लाख |
| NIT NO. 13 Tender no. 176106 | NIT For Detail Boring work For Construction of Various Bridge Under Sub Division Durg for 2025-26. | रू. 19.92 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 1000 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें ।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें ।

**अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल,**
**रायपुर (छ.ग.)**

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

G-252603704/1

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

**Government of Jharkhand, Urban Development And Housing Department,**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**

**e-Procurement Tender Notice No. DMC/21/2025-26**
**Reference No. : DMC/21/2025-26 Date : 24.09.2025**

| क्रम सं० | Group No. | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DMC/21/2025-26/01 | Rejuvenation of Vrindavan Talab under DMC, Dhanbad | 1,25,00,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 2 | DMC/21/2025-26/02 | Rejuvenation of Guhiabandh pond under DMC, Dhanbad | 1,01,42,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 3 | DMC/21/2025-26/03 | Development of Park in Kusum Vihar Phase 1 under Dhanbad Municipal Corporation | 1,20,93,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 4 | DMC/21/2025-26/04 | Development of Chanchani Colony park under Ward 21 under Dhanbad Municipal Corporation | 1,71,00,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 5 | DMC/21/2025-26/05 | Proposed Playground and green park with open gym equipment in Prince club Durga Mandir ground at IM Type colony in ward no 55 under Dhanbad Municipal Corporation | 2,45,36,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 6 | DMC/21/2025-26/06 | Development of Azad Nagar Gaffar Colony Park near Silver School in Ward no 17 under Dhanbad Municipal Corporation | 66,48,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 180 Days |
| 7 | DMC/21/2025-26/07 | Development of Hirapur Children Park in Ward no 25 under Dhanbad Municipal Corporation | 1,30,08,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 8 | DMC/21/2025-26/08 | Development of Chasnala Surya Mandir Park in ward no 52 under Dhanbad Municipal Corporation | 2,10,34,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |
| 9 | DMC/21/2025-26/09 | Development of Surya Mandir Park in ward no 38 under Dhanbad Municipal Corporation | 1,41,74,000.00 | 2 % of BOQ | 10000.00 | 210 Days |

Date of Publication of Tender on website :- From 04.10.2025 At 03.00 PM
Online Last Date / Time for receiving of bids :- 24.10.2025 (Online) till 03:00 PM
Date of Bid Opening :- From 25.10.2025 at 03:00 PM (Online)

NOTE:- (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Municipal Commissioner, Dhanbad reserves the right to reject any or all the tender(s) received without assigning any reasons thereof.

S/d-
**Executive Engineer,**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**

**PR 362818 Urban Development and Housing(25-26).D**

सत्यमेव जयते

**दूरसंचार विभाग**
**संचार मंत्रालय, भारत सरकार**
**पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 आवेदन हेतु आमंत्रण**

दूरसंचार विभाग (संचार मंत्रालय,भारत सरकार) भारत के नागरिकों और भारत में पंजीकृत संगठनों/संस्थानों या केंद्र/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा बनाए गए संगठनों/संस्थानों से कृषि, वाणिज्य, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए दूरसंचार पर निर्भर क्षेत्रीय समाधानों को तैनात करने में दूरसंचार नवाचार, दूरसंचार कौशल, दूरसंचार सेवाएं, दूरसंचार विनिर्माण, या दूरसंचार अनुप्रयोगों के क्षेत्र/क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय और असाधारण योगदान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में किए गए कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

2. प्रत्येक पुरस्कार स्वरूप एक शॉल, प्रशस्ति पत्र/पट्टिका और दो लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार समिति द्वारा उपयुक्त उम्मीदवार/उम्मीदवारों के चयन के अंतर्गत, अधिकतम पाँच पुरस्कार दिए जाएँगे।
3. पुरस्कार विजेताओं को उनके निवास स्थान से पुरस्कार समारोह स्थल तक आने-जाने के लिए हवाई यात्रा का किराया दिया जाएगा और आकस्मिक व्यय के लिए 7500 रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी।
4. आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल यथा https://www.awards.gov.in पर ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 को 23:59 बजे तक है।
5. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.awards.gov.in पर 'विनियम' का अवलोकन देखें अवलोकन करें।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

निदेशक (एसडी), दूरसंचार विभाग, कक्ष संख्या 201, दूसरा तल, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, ओल्ड मिंटो रोड, नई दिल्ली-110002,
मोबाइलः 9414001442, ईमेलः dirsde-dot@gov.in

**CBC-06201/11/0001/2526**







## डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# व्रत में जरूर करें फलाहार नहीं महसूस होगी कमजोरी

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। व्रत के दौरान केवल दूध और पानी लेने पर कमजोरी महसूस होती है। कृपया बताएं कि अपने फलाहार में कौन-कौन सी चीजें शामिल करूं, ताकि ऐसी समस्या न हो?**

**-विजय, रोहतक**

व्रत के दौरान केवल दूध या पानी लेना पर्याप्त नहीं होगा। आपको फल लेने चाहिए, जिसमें केले जरूर खाने चाहिए। इसके साथ ही इसकी स्मूदी बनाकर खा सकते हैं, जिसमें कई और फल शामिल कर सकते हैं। साथ ही इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं। यह आपको दिन में तीन से चार बार लेना चाहिए। केवल आलू भी ना खाएं, इससे कोई न्यूट्रिशन नहीं मिलेगा।



**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द बना रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-साकेत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो सकती है, क्योंकि गर्दन दर्द के साथ चक्कर आना जैसी समस्याएं सर्वाइकल में होती हैं। बेहतर होगा कि एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करें। वो एक्सरे कराकर पता लगाएंगे और उसका प्रॉपर ट्रीटमेंट शुरू होगा। इस बात का ध्यान रखें कि दवा से ज्यादा जरूरी नियमित एक्सरसाइज है, जो आपको फिजियोथैरेपिस्ट बताएंगे।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले दो हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। छाती में दर्द और भारीपन भी रहता है। कफ-सीरप और दवाएं लेने के बाद भी कोई राहत नहीं मिल रही। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, भोपाल**

दो हफ्ते से अधिक खांसी हो रही है तो आपको इसकी जांच करानी चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि खांसी के साथ कफ भी आ रहा है, सो गौर करें कि कफ का रंग कैसा है, पीला है या सफेद रंग का कफ है। लेकिन फिलहाल आप मास्क लगाकर ही रहें और फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज या पानी खाना-पीना बिल्कुल बंद कर दें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही सीरप या दवा लें। आपको एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ सकती है।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे पेट में बाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताएं।**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

पेट में दर्द कई बार संक्रमण की वजह से होता है और भूख नहीं लगती है। अगर यह समस्या लंबे समय से हो रही है तो आप इसे इग्नोर ना करें और एक बार डॉक्टर से संपर्क करें। लेकिन उससे पहले आप अधिक तला-भुना खाना बिल्कुल बंद कर दें। कोशिश करें कि घर का बना खाना ही खाएं। खाने में दही जरूर शामिल करें। साथ ही सलाद दोपहर में खाएं। इससे आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बीते दिनों लगातार धूप में घर से बाहर निकलने की वजह से मेरी स्किन टैन हो गई थी। अभी तक वह टैनिंग बनी हुई है। कृपया मेरे स्किन की टैनिंग दूर करने का कोई उपाय बताएं।**

**-रितेश, बिलासपुर**

अगर आपको टैनिंग होती है यानी आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है तो मार्केट से कोई भी क्रीम लगाने से बेहतर है कि आप धूप में निकलने से बचें। अगर धूप में निकलना जरूरी हो तो छाता लेकर निकलें। इस तरह बचाव करना ही ठीक रहेगा। अगर बहुत ही जरूरी हो तो आप टैनिंग के लिए क्रीम का इस्तेमाल डॉक्टर से पूछकर ही कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



## डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. प्रदीप पोखरना**
सीनियर कार्डियक वेस्कुलर सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

## स्पेशलः वर्ल्ड हार्ट डे-29 सितंबर

हाल के वर्षों में ओल्ड एज ही नहीं मिड और यंग एज के लोगों में भी हार्ट प्रॉब्लम्स काफी देखी जा रही है। इसीलिए इस वर्ष हार्ट डे की थीम भी रखी गई है-डोंट मिस ए बीट। यानी हमें हार्ट हेल्थ को लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। कोई भी लक्षण दिखने या समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। इस बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डोंट मिस ए बीट हार्ट रहेगा हेल्दी





दवर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार हृदय से संबंधित अधिकतर बीमारियां गलत जीवनशैली से संबंधित हैं। हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों का एक प्रमुख कारण गलत जीवनशैली ही है।

**हार्ट डिजीज के कारणः** दिल की बीमारियों का एक कारण आनुवंशिक भी होता है या फिर कुछ ऐसे रोग भी होते हैं, जिन्हें मेडिकल भाषा में कंजेनाइटल हार्ट डिजीज या जन्मजात हृदय रोग से संबंधित बीमारियां कहा जाता है। जैसे बच्चों के दिल का विकारग्रस्त होना या उनके दिल में छेद होना अथवा उनका रूमैटिक हार्ट फीवर से ग्रस्त होना आदि। बावजूद इसके, हृदय से संबंधित ज्यादातर बीमारियां गलत जीवनशैली का नतीजा होती हैं।

**कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी):** हार्ट अटैक का एक सबसे प्रमुख कारण मानी जाने वाली बीमारी कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) या हृदय धमनी रोग है। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली से संबंधित इस बीमारी के कारण दुनिया भर में हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। सीएडी ऐसी मेडिकल स्थिति है, जिसमें अस्वास्थ्यकर जीवन शैली के कारण हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्लाक संचित हो जाती है। प्लाक को आप एक विशेष प्रकार की वसा या फैट कह सकते हैं। नतीजतन, हृदय को रक्त की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती और इस स्थिति में हार्ट अटैक होने का अंदेशा बढ़ जाता है।

**कार्डियोवेस्कुलर डिजीजः** इसके अंतर्गत कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और पेरिफेरल वेस्कुलर डिजीज (पैरों में शिराओं से संबंधित समस्या) आदि शामिल हैं।

**युवा वर्ग और सीएडीः** मध्य आयु (मिडिल एज) और बुजुर्गों के अलावा अब तो युवा वर्ग भी कोरोनरी आर्टरी डिजीज (हृदय धमनी रोग यानी सीएडी) का शिकार बन रहे हैं। इसका कारण यह कि युवक करियर प्रेशर से तनाव और डिप्रेशन की गिरफ्त में फंस जाते हैं। इसके अलावा तनावपूर्ण जीवनशैली, गलत खान-पान और नशे की लत भी युवाओं में सीएडी के मामले बढ़ा रही है। आनुवंशिक कारण को छोड़कर सीएडी के ज्यादातर कारणों की रोकथाम की जा सकती है। हाई ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखकर सीएडी की रोकथाम की जा सकती है।



**डायबिटीज पर कंट्रोलः** जो लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं, उन्हें अपनी ब्लड शुगर यानी रक्त शर्करा को नियंत्रित रखना चाहिए। इसके लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**सीएडी का ट्रीटमेंटः** सीएडी के इलाज के शुरुआती दौर में डॉक्टर मरीज को कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं देते हैं और इसके साथ ही रक्त को पतला करने वाली दवाएं यानी ब्लड थिनर्स दी जाती हैं।

**कब करते हैं एंजियोप्लास्टीः** हृदय के बाएं भाग में दो कोरोनरी आर्टरीज और दाहिने भाग में एक कोरोनरी आर्टरी होती है। धमनियों में संचित प्लाक के कारण ही धमनियों की आंतरिक दीवार में अवरोध उत्पन्न हो जाता है और ब्लड क्लॉट्स बनने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कोई एक धमनी या शेष अन्य धमनियां अवरुद्ध या ब्लॉक्ड हो सकती हैं। धमनियों के अवरोध को दूर करने के लिए एंजियोप्लास्टी की जाती है।

**कब जरूरी होता है स्टेंटः** कभी-कभी बैलून एंजियोप्लास्टी के बाद हृदय की धमनियों में प्लाक से हुआ अवरोध दूर तो हो जाता है, लेकिन कालांतर में कोरोनरी आर्टरी में अवरोध फिर से उत्पन्न हो सकता है, जिसे लंबे समय तक दूर रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है। स्टेंट धातु से निर्मित सूक्ष्म ट्यूब होता है और यह धातु की जाली जैसा दिखता है। इस स्टेंट को इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट धमनियों के अंदर डालते हैं। स्टेंट का मुख्य कार्य धमनियों के अवरोध को दूर करना है।

**स्टेंट लगने के बाद सावधानी बरतेंः** स्टेंट लगने के बाद व्यक्ति को डॉक्टर के परामर्श से रक्त पतला करने वाली दवाएं या ब्लड थिनर्स लेना चाहिए। दवा लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर मरीज को अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

**कब करते हैं बाईपास सर्जरीः** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार संभावित बाईपास सर्जरी किए जाने के संदर्भ में कार्डियोवेस्कुलर सर्जन का परामर्श महत्वपूर्ण है। अगर तीनों कोरोनरी आर्टरी में लगभग 70% से ज्यादा ब्लॉकेज नहीं है तो एंजियोप्लास्टी की जाती है और यदि 70 प्रतिशत से ज्यादा अवरोध या ब्लॉकेज हैं, तब बाईपास सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन बाईपास सर्जरी का निर्णय मरीज की शारीरिक स्थिति, उसकी उम्र और पारिवारिक स्थिति के मद्देनजर किया जाता है।

**वॉल्व की समस्याएं-समाधानः** हार्ट में मौजूद चार वॉल्वों में भी कभी-कभी विकार उत्पन्न हो जाते हैं। जैसे कि ये संकरे (नैरो) हो जाते हैं या फिर इनमें लीकेज होने लगता है। इस स्थिति में मरीज की सांस फूलने लगती है और उनके दिल की धड़कन अनियमित हो जाती है। ऐसे में वॉल्वोप्लास्टी तकनीक से वॉल्व से संबंधित संकरेपन का इलाज संभव है। जरूरत पड़ने पर विकारग्रस्त हो चुके वॉल्व का सर्जरी के जरिए कृत्रिम वॉल्व प्रत्यारोपण भी किया जा सकता है।

**हार्ट प्रॉब्लम्स से बचाव के उपायः** अब जानते हैं, उन उपायों को जिन पर अमल कर हार्ट को हेल्दी रखा जा सकता है।

**जरूरी है नियमित व्यायामः** यदि आप प्रतिदिन 30 मिनट तक व्यायाम करते हैं, तो इससे जहां वजन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी वहीं कॉलेस्ट्रॉल की समस्या से बचाव संभव है। प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और शारीरिक क्षमता अलग-अलग होती है। कौन-सा व्यायाम कितनी देर करना है, इन सब बातों के संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।

**जंक फूड्स से दूरीः** जंक फूड्स में वसा अधिक मात्रा में पाई जाती है। इनमें नमक भी प्रचुर मात्रा में होता है। इससे कालांतर में कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फूड्स से परहेज करें या फिर इन्हें कभी-कभार ही खाएं।

**कम से कम नमक का सेवनः** नमक (सोडियम) हाइपरटेंशन की समस्या को बढ़ाता है। इसलिए अधिक नमक के सेवन से बचना चाहिए।

**तनाव को करें नियंत्रितः** इंडियन हार्ट फेडरेशन और वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहना हाइपरटेंशन को बुलावा देना है। इसलिए तनाव का प्रबंधन करने के लिए सकारात्मक रहें अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन शामिल करें।

**धूम्रपान और शराब से दूरीः** धूम्रपान छोड़ने से हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज करना हाइपरटेंशन और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।

**मोटापे पर नियंत्रणः** मोटापा दिल की सेहत का दुश्मन है, जो कालांतर में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और हृदय धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज संक्षेप में सीएडी) के खतरे को बढ़ा सकता है। खासतौर पर पेट पर संचित अतिरिक्त वसा हाइपरटेंशन और सीएडी के खतरे को बढ़ाती है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## हार्ट अटैक-कार्डियक अरेस्ट-हार्ट फेल्योर में अंतर



**जब एकबार** दिल के किसी भाग में रक्त का संचार (ब्लड सर्कुलेशन) रुक जाता है तो इस स्थिति को सहज मेडिकल भाषा में हार्ट अटैक कहते हैं। इस मर्ज का इलाज शारीरिक स्थिति के अनुसार मेडिकेशन, एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी है। हार्ट अटैक के कुछ लक्षणों के महसूस होने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजनों को शीघ्र ही डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ये लक्षण हैं- घबराहट महसूस करना। सीने में दर्द होना। यह दर्द बांहों, कंधे से लेकर कभी-कभी जबड़े में भी हो सकता है। सीने में जकड़न या दबाव महसूस करना। सांस लेने में दिक्कत। जी मिचलाना, पसीना आना और चक्कर आना।

जब दिल अचानक पूरी तरह से अपना काम करना बंद कर देता है तो उस स्थिति को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। इस कंडीशन में दिल की धड़कन बंद हो जाती है और मरीज के बेहोशी में जाने की आशंकाएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। इस गंभीर मर्ज का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इलेक्ट्रिक शॉक दिया जाता है। कार्डियक अरेस्ट के मरीज को 'सीपीआर' देना भी लाभप्रद है।

जब किन्हीं कारणों से हृदय कमजोर हो जाता है और वह सुचारु रूप से अपने क्रियाकलापों को समुचित रूप से अंजाम नहीं दे पाता तो इस स्थिति को हार्ट फेल्योर कहा जाता है। जिन लोगों की अतीत में एंजियोप्लास्टी या बाईपास सर्जरी हो चुकी है, उन्हें अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए और उन्हें जोखिम भरे कारकों जैसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज वालों को अपनी ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना चाहिए। अपने डॉक्टर के परामर्श से दवाएं और खान-पान ग्रहण करना चाहिए।

## डिजीज

**रजनी अरोड़ा**

एड़ी दर्द की समस्या अलग-अलग वजह से हो सकती है। ऐसे में राहत के लिए अपने जीवनशैली में बदलावों के साथ आप कुछ घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# एड़ी दर्द जब करे परेशान बदलें जीवनशैली-करें उपचार



एड़ी का दर्द बहुत ही आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। लेकिन यह खासकर मध्यम आयु वर्ग और एथलीटों में ज्यादा देखी जाती है। डॉक्टर कई बार एड़ी के दर्द का कारण हड्डी बढ़ना बताते हैं, जिसे मेडिकल भाषा में हील स्पर या कैल्केनाइल स्पर कहते हैं।

**समस्या का कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

**प्लांटर फैसीसाइटिसः** एड़ी में दर्द का सबसे आम कारण होता है- फैसीसाइटिस। प्लांटर फेशिया एक मोटा ऊतक (टिश्यू) का बैंड होता है, जो एड़ी की हड्डी से लेकर पैर की अंगुलियों तक फैला होता है। यह पैर के आर्च (चाप) को सहारा देता है और चलने में मदद करता है। जब इस ऊतक पर लगातार दबाव या खिंचाव पड़ता है, तो इसमें सूजन आ जाती है, जिससे तेज दर्द होता है। यह दर्द अकसर सुबह बिस्तर से उठते ही पहला कदम रखने पर सबसे ज्यादा महसूस होता है।

**हड्डी बढ़ना (हील स्पर):** जब प्लांटर फेशिया पर लंबे समय तक तनाव और खिंचाव रहता है, तो शरीर उस जगह को ठीक करने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में, एड़ी की हड्डी के नीचे कैल्शियम जमा होने लगता है। समय के साथ यह कैल्शियम जमाव एक नुकीली हड्डी जैसी संरचना में बदल जाता है, जिसे हील स्पर कहते हैं। कई बार यह हील स्पर दर्द का सीधा कारण नहीं होता, बल्कि यह प्लांटर फैसीसाइटिस के कारण होने वाली सूजन और ऊतक क्षति का एक परिणाम होता है। इसीलिए डॉक्टर इसे हड्डी बढ़ना कहते हैं, क्योंकि एक्स-रे में यह बढ़ी हुई हड्डी के तौर पर साफ दिखाई देता है। इनके अलावा कुछ अन्य कारणों से एड़ी में दर्द हो सकता है।

**गलत जूते पहननाः** बिना कुशन वाले या बहुत सख्त जूते, खासकर ऊंची हील वाली सैंडल पहनना।

**अधिक वजनः** शरीर का ज्यादा वजन एड़ी पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

**अत्यधिक शारीरिक गतिविधिः** बहुत ज्यादा दौड़ना, कूदना या कठोर सतह पर बहुत देर तक खड़े रहना।

**फ्लैट फुट (पैर का सपाट होना) या हाई आर्च (ऊंचा चाप):** पैर की बनावट में असामान्यताओं के कारण भी एड़ी पर दबाव बढ़ सकता है।

**अन्य रोगः** गठिया अर्थराइटिस या नस की अन्य समस्या के कारण।

**आयुर्वेदिक-घरेलू उपायः** आयुर्वेद में एड़ी के दर्द को वातकंटक कहा जाता है, जिसका अर्थ है वात दोष के कारण कांटों जैसी पीड़ा होना। आयुर्वेद के अनुसार, वात दोष की वृद्धि से शरीर में बहुत रूखापन और कठोरता आती है, जिससे हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है। इसके उपचार के कुछ उपाय बताए गए हैं।



**गर्म तेल की मालिशः** वात को शांत करने के लिए तिल का तेल, महानारायण तेल या सहचरादि तेल को हल्का गुनगुना करके एड़ी और तलवे की धीरे-धीरे मालिश करें। यह मांसपेशियों को आराम देता है और रक्त संचार बढ़ाता है।

**लहसुन और सरसों का तेलः** लहसुन की कुछ कलियों को सरसों के तेल में गर्म करें, जब तक वे काली न हो जाएं। इस तेल को ठंडा करके दर्द वाली जगह पर लगाएं और मालिश करें। लहसुन में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं।

**सेंधा नमक का सेंकः** एक टब में हल्का गर्म पानी लें और उसमें दो-तीन चम्मच पिसा सेंधा नमक डालें। इस पानी में अपने पैरों को 15-20 मिनट तक डुबोकर रखें। यह मांसपेशियों के तनाव को कम करता है और सूजन में आराम देता है।

**हल्दी-अदरक का पेस्टः** हल्दी और अदरक में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दोनों को पीसकर थोड़ा गर्म करें और दर्द वाली जगह पर लगाएं। इसे कुछ देर तक लगा रहने दें, फिर धो लें।

**एरंड का पेस्टः** एरंड या कैस्टर के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और इसे एड़ी पर लगाएं। एरंड में भी सूजनरोधी गुण होते हैं।

**हल्दी वाला दूधः** रोज रात में सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर पिएं। हल्दी का करक्यूमिन दर्द और सूजन को कम करने में बहुत प्रभावी है।

**त्रिफला चूर्णः** रात में सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लें। यह पाचन को सुधारता है और शरीर में वात को संतुलित करने में मदद करता है।

**मेथी दानाः** एक चम्मच मेथी दाना रात में पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट चबाकर खाएं। इससे भी लाभ मिलेगा। *

**(एन.डी.एम.सी. आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, दिल्ली के मेडिकल ऑफिसर डॉ. कोमल मलिक से बातचीत पर आधारित)**

### इन बातों का रखें ध्यान

**आराम और सही जूतेः** जब भी संभव हो, एड़ी को आराम दें। सही फिटिंग वाले, कुशन वाले और आर्च सपोर्ट वाले जूते पहनें। ऊंची हील वाले जूते और चप्पल पहनने से बचें।

**वेट कंट्रोलः** अगर आप ओवरवेटेड हैं, तो वजन कम करने का प्रयास करें। यह एड़ी पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा।

**पैरों की स्ट्रेचिंगः** नियमित रूप से पैर और एड़ी की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। दीवार के सहारे पैर को स्ट्रेच करना या एड़ी को ऊपर-नीचे करना फायदेमंद हो सकता है।

**नियमित व्यायामः** हल्के व्यायाम करें जैसे स्विमिंग या साइकलिंग, जो एड़ी पर ज्यादा दबाव नहीं डालते, ये बहुत फायदेमंद होते हैं।




## जैकेट के शेष

### छह आईएएस समेत 15 ...

शुरू करने कहा है। ध्यान रहे कि सीबीआई जबलपुर ने इससे पहले मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इसी बीच, घोटाले के आरोप में फंसे आईएएस व राज्य सेवा संवर्ग के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर सीबीआई जांच पर रोक की मांग की थी। प्रकरण की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक लगाते हुए सुनवाई के लिए प्रकरण छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को वापस भेज दिया था। इस पर चल रही सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अब सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। रायपुर के कुशालपुर निवासी कुंदन सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के कुछ वर्तमान और रिटायर्ड आईएएस अफसरों पर एनजीओ के नाम पर करोड़ों का घोटाला करने का आरोप लगाते हुए जनहित याचिका 2017 में याचिका दायर की। 2018 में जनहित याचिका के रूप में इसकी सुनवाई शुरू की गई। सुनवाई के दौरान पता चला कि राज्य स्रोत निःशक्त जन संस्थान नाम की संस्था ही नहीं है। सिर्फ कागजों में संस्था का गठन किया गया था। राज्य को संस्था के माध्यम से 1000 करोड़ का वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा, जो कि 2004 से 2018 के बीच में 10 साल से ज्यादा समय तक किया गया।

### शराब घोटाले में...

कोर्ट में पेश किया गया। दीपेंद्र से पूछताछ करने ईओडब्लू को 29 सितंबर तक रिमांड मिली है।

ईओडब्लू की कोर्ट में चैतन्य बघेल का जमानत आवेदन खारिज होने के बाद ईओडब्लू ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया था। आवेदन पेश होने के बाद चैतन्य को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसने चैतन्य की रिमांड की मांग की। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने चैतन्य को ईओडब्लू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया। चैतन्य के खिलाफ ईडी कोर्ट में चालान पेश कर चुकी है। पेश किए गए चालान में चैतन्य के खिलाफ ईडी ने शराब घोटाला रैकेट संचालित करने का आरोप लगाया है।

**वाट्सएप चैट, बंसल के बयान को लेकर पूछताछ** : शराब घोटाला में वाट्सएप चैट को लेकर ईओडब्लू के अफसर चैतन्य बघेल से पूछताछ करेंगे। इसके अलावा कारोबारी पप्पू बंसल ने चैतन्य बघेल के खिलाफ मनी लांड्रिंग से संबंधित जो आरोप लगाया है, ईओडब्लू के अफसर चैतन्य से इस संबंध में पूछताछ करेंगे।

### रकम ठिकाने लगाने के ...

कहने पर किन-किन लोगों तक रकम पहुंचाई है। ईओडब्लू के अफसर दीपेंद्र से इस संबंध में जानकारी जुटा कर आगे की कार्रवाई करेंगे।

### एयरपोर्ट पर यात्री के ...

फ्लाइट से बेंगलुरु जा रहे थे। फ्लाइट का समय दोपहर 3 बजकर 5 मिनट का था और वे करीब 1 बजे एयरपोर्ट पहुंचे थे। चेक-इन और सिक्योरिटी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों डिपार्चर हॉल के ग्राउंड फ्लोर पर बैठकर फ्लाइट का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अरुण मोदी के पेंट में अचानक चूहा घुस गया।

**एयरपोर्ट पर ही पेंट उतारकर निकाला चूहा** : हड़बड़ाए अरुण ने चूहे को बाहर से पकड़ने की कोशिश की, तभी उसने काट लिया। यात्री ने तत्काल पैंट उतारकर चूहे को बाहर निकाला। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। एयरपोर्ट स्टाफ मौके पर पहुंचा और अरुण को मेडिकल रूम ले जाया गया लेकिन मेडिकल रूम में न तो रेबीज का इंजेक्शन था और न ही टिटनेस का। नाराजगी जताने के बाद एयरपोर्ट मैनेजर के हस्तक्षेप से टिटनेस का इंजेक्शन बड़ी मुश्किल से लगाया गया। डॉक्टर ने केवल प्रिस्क्रिप्शन लिखकर दिया, ताकि यात्री आगे जाकर इंजेक्शन लगवा सके। उसके बाद अरुण ने बेंगलुरु पहुंचकर रेबीज का इंजेक्शन लगवाया। अरुण मोदी हैदराबाद की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं।

### 10वीं-12वीं की पहली ...

की परीक्षाएं ली जाएंगी। ना केवल भारत बल्कि दूसरे देशों में भी सीबीएसई संबद्धता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं। वर्ष 2026 में देश-विदेश के 26 देशों से लगभग 45 लाख परीक्षार्थियों के दसवीं और बारहवीं कक्षा के 204 विषयों में शामिल होने की उम्मीद है। सीबीएसई ने बुधवार को संभावित तिथि की घोषणा करते हुए बताया, पहली बार है जब 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। प्रथम चरण की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई ने अपनी संभावित डेटशीट में कहा है कि परीक्षाओं का दूसरा चरण जुलाई माह में आयोजित होगा।

### मूल विषयों से होगी ...

और संगीत की परीक्षाओं के साथ समाप्त होंगी। जबकि कक्षा 12वीं या वरिष्ठ विद्यालय की परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेंगी। बारहवीं कक्षा के शुरुआत पर्चे जैव प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और आशुलिपि (अंग्रेजी और हिंदी) के होंगे। अंतिम परीक्षाएं संस्कृत, डेटा विज्ञान और मल्टीमीडिया के साथ समाप्त होंगी।

## पुलिस रेसलिंग क्लस्टर : सीआईएसएफ बनी ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। सीआईएसएफ ने एक बार फिर अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन, करनाल में आयोजित 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर में ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। देश की श्रेष्ठ पुलिस एवं अर्धसैनिक खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में सीआईएसएफ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और ग्रीको-रोमन (पुरुष) में प्रथम स्थान, फ्रीस्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फ्रीस्टाइल (महिला) और बॉक्सिंग (महिला) में रनर-अप रही।

## राशिफल


**मेष** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।


**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।


**कन्या** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।


**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**मकर** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।


**मीन** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## पेज एक के शेष

### राशन दुकानों में भेजा फफूंद...

चावल का लॉट अपने गोदाम ने स्टॉक करने के पहले इसकी सूक्ष्मता से जांच करता है। जांच की जवाबदारी क्वालिटी निरीक्षक की होती है वेयर हाउस में चावल अच्छे क्वालिटी की जांच उपरांत ही राशन दुकानों को भेजा जाता है। दो दिन पहले वेयर हाउस से शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों में सप्लाई के लिए चावल परिवहन किया गया। जिसमें कुछ राशन दुकानों में फफूंद लगा चावल की शिकायत राशन दुकानदारों ने खाद्य विभाग को की। खाद्य नियंत्रक ने इसकी जांच के लिए सहायक खाद्य नियंत्रक दिव्या गौतम के नेतृत्व ने टीम का गठन कर राशन दुकानों में जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के बाद कुछ दुकानों में फफूंद लगा चावल पाए जाने की पुष्टि के बाद इसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग ने कलेक्टर को सौपी। कलेक्टर हरीश एस ने जिले के समस्त राशन दुकानों में चावल क्वालिटी जांच के निर्देश दिए है। साथ ही गुणवत्ताविहीन चावल को राशन दुकानों से वापस मंगवाने के निर्देश दिए है। सूत्रों के अनुसार अब तक जांच में लगभग 500 क्विंटल से ज्यादा फफूंद लगा चावल पाया गया है।

### छग में जमकर बरसे बादल...

गुरुवार को बिलासपुर और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। निम्नदाब का क्षेत्र उत्तर ओडिशा से गंगेटिक पश्चिम बंगाल के बीच मौजूद था, जो धीर-धीरे आगे बढ़ रहा है। इस सिस्टम के प्रभाव से मंगलवार को प्रदेश के मौसम में बदलाव का असर दिखना शुरू हो गया था, जो रात होते-होते बरसात में तब्दील हो गया। कई इलाकों में रात से शुरू हुई बारिश बुधवार को दोपहर तक जारी रही। राजधानी रायपुर में सुबह से पानी बरसना प्रारंभ हुआ, जो शाम 4 बजे तक अपना प्रभाव दिखाता रहा। राजधानी के लालपुर स्टेशन में शाम साढ़े पांच बजे तक 45 मिमी. से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है, रायपुर और बिलासपुर संभाग को प्रभावित करने वाले सिस्टम का असर गुरुवार को भी रह सकता है। शुक्रवार से इसका प्रभाव कम होने की संभावना है। **कहां कितनी बारिश** : 0 बलौदाबाजार जिले के सोनाखान में 180 मिमी. 0 बलौदाबाजार जिले के गिधौरी-टुंड्रा में 160 मिमी. 0 सारंगढ़ जिले के सरसींवा में 150 मिमी., सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ में 120 मिमी., बरमकेला में 100 मिमी., भटगांव में 90 मिमी. 0 जांजगीर जिले के शिवरीनारायण में 134 मिमी., मालखरौदा में 100 मिमी. 0 महासमुंद जिले बसना में 120 मिमी., पिथौरा में 90 मिमी. इसके अलावा नवागढ़, चंद्रपुर, हसौद में 80-80 मिमी., रायगढ़, राजिम, कसडोल, सरिया, डभरा, कोमाखान, बागबहरा में 70-70 बारिश हुई।

### 10.9 लाख रेल कर्मचारियों को...

10 लाख 91 हजार अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है।

### नवा रायपुर में हेल्थ...

विकसित भारत के विज़न के साथ कदमताल करते हुए प्रदेश सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में हेल्थ और पर्यटन के क्षेत्र में तीन हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश घोषित हुए। सीएम ने बताया कि लक्ष्य को साकार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में 350 से अधिक सुधार लागू किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, अब हम इज ऑफ डूइंग बिजनेस से आगे बढ़कर स्पीड आफ डूइंग बिजनेस के युग में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा, नई औद्योगिक नीति छत्तीसगढ़ की प्रगति की आधारशिला है। इसी नीति ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और यही कारण है कि मात्र एक वर्ष के भीतर प्रदेश को लगभग साढ़े 7 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन प्रस्तावों से लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और सेवा क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो 'वन क्लिक' सिस्टम लागू है, जिसके कारण किसी भी उद्यमी को एनओसी के लिए भटकना नहीं पड़ता।

**पर्यटन को उद्योग का दर्जा** : मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है और इससे निवेशकों को विशेष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि होटल, रिसॉर्ट, होम स्टे और मनोरंजन उद्योग से जुड़े उद्यमी प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और प्रकृति का लाभ उठाकर पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएं।

**नई तकनीक और एआई सेक्टर** : मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ एआई क्रांति का भी स्वागत कर रहा है। नवा रायपुर में एआई डाटा सेंटर पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जो भविष्य में प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा मैनेजमेंट का हब बनाएगा। यहां डाटा सेंटर से जुड़े उद्योगों के लिए निवेश की अपार संभावनाएं हैं।

**ये थे उपस्थित** : इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, संचालक संस्कृति विवेक आचार्य, संचालक उद्योग प्रभात मालिक, सीआईआई के चेयरमेन संजय जैन भी उपस्थित रहे।

### हेल्थ केयर के 11 बड़े...

बॉम्बे हॉस्पिटल (300 बेड) और माँ पद्मावती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (750 बेड) जैसे बड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कुल मिलाकर 2,466 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है, जिससे लगभग 6,000 नए रोजगार सृजित होंगे।

### चुनावी रणनीति ...

उम्मीदवार चयन पर अंतिम निर्णय का अधिकार पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को दिया गया। कांग्रेस ने दावा किया कि वह इस बार बिहार में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए मैदान में उतरेगी।

### झटके में 3 लाख ...

50 फीसदी टैरिफ का असर तमाम सेक्टर्स की कंपनियों के शेयरों पर देखने को मिल रहा है, द्वारा एच1 बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी ने बाजार की गिरावट को बढ़ाने का काम किया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना**

दिनांक 19/09/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र.08 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 15.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | NIT | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/01 | 176122 | जोन क्र. 08 अंतर्गत सबमर्सिबल मोटर पम्प मरम्मत कार्य। | 20.00 | 15,500.00 |
| 2 | 27/02 | 176123 | जोन क्र. 08 अंतर्गत सबमर्सिबल मोटर पम्प /हैण्ड पम्प लोवरिंग लिफ्टिंग कार्य। | 20.00 | 15,500.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 24.09.2025 संध्या 05.30 बजे के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.
कार्यपालन अभियंता, जोन क्र.08
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय माननीय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

अशोक कुमार कौशिक...वादी //विरूद्ध//
रामानंद कौशिक वगैरह...प्रतिवादीगण
व्यवहार वाद- 31ए/2024
आदेश दिनांक-20.08.2025
पेशी ता.-30/09/2025
// बनाम //

संतोष कौशिक, उम्र 36 वर्ष, पिता स्व. रामखिलावन उर्फ खेलावन कौशिक, निवासी- ग्राम सकर्रा, तह. सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) (प्रति.क्र.03)

वादी अशोक कुमार कौशिक पिता स्व. रामखिलावन उर्फ खेलावन कौशिक निवासी ग्राम सकर्रा, तह. सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा स्वयं तथा प्रतिवादीगण 01 से 03 के नाम पर मौजा सकर्रा, रा.नि.मं. अमसेना, तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 6/1, 204, 321 एवं 581/3 कुल रकबा 0.9830 हेक्टेयर कृषि भूमि व मौजा सकर्रा, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील- सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 875 रकबा 0.3880 हेक्टेयर कृषि भूमि तथा मौजा सरसेनी, रा.नि.मं. अमसेना, तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 21, 102 एवं 103 रकबा क्रमशः 0.1940, 0.2100 एवं 0. 2100 कुल रकबा 0.06140 हेक्टेयर कृषि भूमि में दर्ज होने से अपने पक्ष में स्वत्व की घोषणा, कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु इस न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई तिथि 30.09.2025 को नियत है। अतः आप संतोष कौशिक (प्रति.क्र.03) को उक्त वाद में यदि कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो दिनांक-30/09/2025 को वाद पत्र का उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिये नोटिस दिया जाता है एवं निर्देशित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उत्तर देने हेतु उपस्थित रहें, नियत तिथि में न्यायालय के समक्ष अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारण से नियत पेशी तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 28.08.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक- 28-08-25
(कु. सिद्धी व्होरा)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला- धमतरी (छ.ग.)**
**-:: ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)::-**
Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/ई निविदा/2025/5004 धमतरी, दिनांक 22/09/2025
टेण्डर सिस्टम नम्बर 176256

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (क्षमता 14.70 एम. एल. डी.) में वर्टीकल मोटर पम्प एवं हॉरिजेन्टल सेन्ट्रीफ्यूगल मोटर पम्प प्रदाय एवं स्थापना कार्य टेस्टिंग सहित (अनु. लागत 42.48 लाख रू.) एकमुश्त आईटम दर पर संपादन हेतु निविदा प्रपत्र B में दिनांक 09/10/2025 को समय 05:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य का अमानत राशि 43,000.00 रू. निर्धारित है। निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in से अवलोकन एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**
**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि टोहड़ा वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.व्ही. विद्युत लाईन में दिपावली पूर्व आवश्यक सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य हेतु लाईन बंद होने निचे तालिका में दर्शित दिनॉक को **सुबह 10.00 से शाम 05.00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फिडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. कोटा फीडर | सतभांवा, खपरीखुर्द, चांपा, कोटा, के समस्त उपभोक्ता |
| 2 | 26.09.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. अल्दा फीडर बस्ती | मानपुर, परसदा, बोईरझिटी, तुलसी, विश्रामपुर, अल्दा सरफोंगा के समस्त उपभोक्ता |
| 3 | 27.09.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. सरफोंगा पम्प फीडर | मानपुर, परसदा, बोईरझिटी, तुलसी, विश्रामपुर, अल्दा सरफोंगा के समस्त उपभोक्ता कृषि पम्प उपभोक्ता |
| 4 | 28.09.2025 | रविवार | 11 के.व्ही. छछानपाहनी पम्प फीडर | टोहडा, चंगोरी, पाहरी, भिलौंनी के समस्त कृषि पम्प उपभोक्ता |
| 5 | 29.09.2025 | सोमवार | 11 के. व्ही. टोहड़ा फीडर | टोहडा, चंगोरी, पाहरी, भिलौंनी के समस्त उपभोक्ता |
| 6 | 01.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. छपोरा पम्प फीडर | भिंभौरी, छपोरा, खुड़मुडी, देवरी के समस्त कृषि पम्प उपभोक्ता |
| 7 | 03.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. भिंभौरी फीडर | भिंभौरी, छपोरा, खुडमुडी, देवरी के समस्त उपभोक्ता |
| 8 | 04.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. सतभांवा फीडर | इण्डस्टीयल एरिया सी.एस.आई.डी.सी. खपरीखुर्द सतभांवा एवं चांपा के समस्त उपभोक्ता |
| 9 | 05.10.2025 | रविवार | 11 के.व्ही मोहदी फीडर | मोहदी, मोहगांव एवं कोटा सतनामी पारा के समस्त उपभोक्ता |
| 10 | 06.10.2025 | सोमवार | 11 के. व्ही. सिनोधा फीडर | सिनोधा, इण्डस्टीयल एरिया सिनोधा, खपरीकला एवं खपरीखुर्द के समस्त उपभोक्ता |
| 11 | 07.10.2025 | मंगलवार | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन कोटा | 33/11 के.ही. सब स्टेशन कोटा से निकलने वाले समस्त 33 के.ही. एवं 11 के.ही.फीडर के समस्त उपभोक्ता |
| 12 | 08.10.2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन टोहड़ा | 33/11 के.ही. सब स्टेशन टोहडा से निकलने वाले समस्त 33 के.ही.एवं 11 के.ही. फीडर के समस्त उपभोक्ता |

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे" असुविधा के लिए खेद है
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"
(धनंजय कुमार वर्मा)
कर्मचारी संख्या- 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर
Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
S-45364/2

**कार्यालय नगरपालिका परिषद गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
दूरभाष 07706-241349 फैक्स नं. 07706- 241349, Email:- nagarpalikagariaband@gmail.com

क्रमांक/ 819 / न.पा./ राजस्व / दु.नी./ 2025-26 गरियाबंद, दिनांक 13/09/2025

**// दुकानों की आम नीलामी सूचना / /**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गरियाबंद के स्वामित्व की यात्री प्रतिक्षालय वार्ड क्रमांक 09 बस स्टैण्ड के सामने मेन रोड पर स्थापित कुल 03 दुकानों का आम नीलामी अधिकतम प्रीमीयम के लिए नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 1996 के तहत **दिनांक 06.10.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे** कार्यालय नगर पालिका परिषद गरियाबंद में आम नीलामी किया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को निर्धारित समय के पूर्व नियम स्थल पर उपस्थित होकर अमानत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकतें है। दुकानों से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैः-

| दुकान क्रमांक | दुकान का आकार | साईज | अपसेट प्राईज | अमानत राशि | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 05,06, 07 | 11.09 वर्ग मीटर | 3.4X3.50 | 4.18 | 42000.00 | दुकान क्र. 05, 06 अना. एवं 07 अ.जा. वर्ग |

टीपः- 1. दुकानो की नीलामी से संबंधित नियम व शर्ते कार्यालयीन कार्य दिवस व समयावधि में अवलोकन की जा सकती है।
2. निर्धारित तिथि को पर्याप्त बोली व प्रतिस्पर्धा के अभाव में दिनांक 08.10.2025 को पुनः दोपहर 12:00 बजे नीलामी की प्रक्रिया की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गरियाबंद,
जिला-गरियाबंद (छ. ग.)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर**
eercdmanohar-jhr@nic.in

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाली गई ई- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या - RCD/MANOHARPUR/07/2025-26 दिनांक : 26.07. 2025 जिसका PR 358315 (West Singhbhum) 25-26 (D) एवं PR 360391 (West Singhbhum) 25-26 (D) को निम्नवत संशोधित किया जाता है।

| | | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on Website | 25.09.2025 from 11.00 A.M. | 10.10.2025 from 11.00 A.M. |
| 2. | Last date & Time for online bidding | 15.10.2025 up to 12.00 Noon | 30.10.2025 up to 12.00 Noon |
| 3. | Date & time for opening Tender Bid | 16.10.2025, 12.30 P.M. | 31.10.2025, 12.30 P.M. |

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, मनोहरपुर
PR 362797 Deoghar(25-26)#D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad**
**e-Procurement Tender Notice No. DMC/24/2025-26**
NIT No.- DMC/24/2025-26 Date :- 24.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Patrakulhi Lala Basti Jora Talab Under DMC, Dhanbad |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 2,99,10,000.00 |
| 3. | Tender Fee and Bid Security | Tender document fee: - INR 10,000/- (Ten Thousand Only) Non-Refundable. Bid Security: Rs 299100.00 (Rupees Two Lakh Ninety Nine Thousand One Hundred Only). |
| 4. | Time of Completion | 330 Days |
| 5. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 14.10.2025 at 03:00 PM |
| 6. | Start Date of Submission of Bids | 14.10.2025 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date / Time for receipt of bids Online | 06.11.2025 (On line) till 03:00 PM |
| 8. | Date and Time of Technical Bid Opening Online. | 07.11.2025 (On line) from 03:00 PM |
| 9. | Name & address of office Inviting tender | Chief Executive Officer, Dhanbad Municipal corporation,Dhanbad. |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | 8986892064 |
| 11. | e-mail id | dhanbadmunicipalcorporationadm@gmail.com |

NOTE:- (i) Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Contractor should be registered in Class (I) First class as per NIT
(iii) Estimated Cost / Quantity May Vary
(iv) Any Change/Information can be seen on Website on http://www.jharkhandtenders.gov.in.

PR 362824 Urban Development and Housing(25-26)#D
S/d-
Executive Engineer,
Dhanbad Municipal Corporation, Dhanbad

**कार्यालय प्राचार्य,**
**शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर,**
**जिला-उ.ब. कांकेर (छत्तीसगढ़)**
Ph.-07868-296467, Email-witikankr@rediffmail.com

**// भर्ती सूचना //**

प्राचार्य / नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कांकेर अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ में व्यवसाय / विषय कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) में एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर में व्यवसाय-मैकेनिक डीजल में सत्र 2025-26 में प्रशिक्षण कार्य संपन्न कराने हेतु स्वीकृत प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर) के लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 03.10.2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय प्राचार्य, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कांकेर जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़ पिन- 494334 के नाम स्पीड पोस्ट / रजिस्टर डाक / सामान्य डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक एन. आई.सी. (NIC) कांकेर के वेबसाईट www.kanker.gov.in पर जाकर विज्ञापन की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,
कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ0ग0
G-252603708/3

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email – sepwdkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 03.10.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन. आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 139 | 176172 | अंतागढ़ अनुविभाग के विभिन्न मार्गो (राज्य मार्ग) में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 105.00 लाख |
| 02 | 140 | 176173 | पखांजूर अनुविभाग के विभिन्न मार्गो (राज्य मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग) में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 89.00 लाख |
| 03 | 141 | 176174 | भानुप्रतापपुर अनुविभाग के विभिन्न मार्गो (राज्य मार्ग) में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 58.28 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है।

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 03.10.2025 है।
नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर
G-252603713/1


## शब्द पहेली - 5999



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5998 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | ब्वा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 6009

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## टीवी मसाला



# बिग बी ने पाकिस्तान पर कसा तंज केबीसी 17 में छूट गई सबकी हंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन जितने दमदार एक्टर हैं, असल जिंदगी में उतने ही मस्तीखोर। 'कौन बनेगा करोड़पति' में हम सभी ने कई मौकों पर देखा है, जब वह अपने धीर-गंभीर अंदाज में अक्सर ऐसी बातें कह जाते हैं कि सबकी हंसी छूट जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। केबीसी 17 के ताजा एपिसोड में सामने गुजरात से आई कंटेस्टेंट उर्मिला जेवलिया थीं, जिनसे बात करते-करते बिग बी ने पाकिस्तान पर करारा तंज कसा। उन्होंने गाहे-बगाहे एशिया कप में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की लगातार दो हार पर मजेदार अंदाज में चुटकी ली। बस फिर क्या, केबीसी के सेट पर हर कोई ठहाके लगाने को मजबूर हो गया। दरअसल, शो में उर्मिला जेवलिया अपने बचपन का किस्सा सुना रही थीं। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उन्होंने अमिताभ बच्चन के लिए घर की टीवी तोड़ दी थी। छोटी उर्मिला को लगता था कि केबीसी वाले बिग बी टीवी के अंदर ही बैठते हैं। इसलिए वह इसे तोड़कर उनसे मिल पाएंगी। कंटेस्टेंट के इस खुलासे पर जहां अमिताभ दंग हो गए, वहीं उन्होंने इसी बहाने पाकिस्तान को भी निशाने पर ले लिया। माहौल को हल्का बनाते हुए मेगास्टार ने मजाक में कहा, 'एक बात बोलूं, प्लीज बाहर मत बोलिएगा... भारत-पाकिस्तान का जब खेल होता है न तो पाकिस्तान वाले तोड़ देते हैं अपना टीवी, सही बोल रहे हैं कि नहीं।' उनके इस मजाक पर हर किसी की हंसी छूट गई। सोशल मीडिया पर फैंस ने कहा कि बिग बी ने बातों-बातों में पड़ोसी मुल्क को क्रिकेट में मिल रही हार पर मजमा लूट लिया।

## कुनिका, फरहाना और अशनूर में छिड़ी जंग



**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इस वक्त पीक पर चल रहा है। आए दिन बड़े बड़े झगड़े देखने को मिल रहे हैं। अब बिग बॉस 19 का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जहां एक बार फिर फरहाना और अशनूर कौर के बीच तगड़ी लड़ाई होने वाली है। शो के नए प्रोमो ने फैंस का भी एक्साइटमेंट लेवल बढ़ा दिया है। नया प्रोमो में बिग बॉस नए राशन टास्क के बारे में बता रहे हैं। टास्क के लिए टीम को दो हिस्सों में बांट दिया गया है, जिसमें एक टीम की ड्रोन अशनूर कौर बनी हैं, जबकि दूसरी टीम की ड्रोन फरहाना भट्ट बनी हैं। अशनूर अपनी टीम के लिए राशन इकट्ठा कर रही हैं, लेकिन फरहाना बशीर के साथ मिलकर दूसरी टीम का राशन चुरा रही हैं। जिस टीम के पास जितना राशन बचेगा, उन्हें उसी राशन से काम चलाना होगा। इस बात पर कुनिका अशनूर पर भड़क जाती हैं कि घी तो है ही नहीं, जबकि गौरव कहता है कि कम से कम चावल तो बचा लेते।

# जासूसी पर बेस्ड 7 बेस्ट मूवीज, हर सीन में मिलेगा डबल ट्विस्ट

*नई दिल्ली। वैसे तो अब तक जासूसी पर कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन आज हम आपको 7 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अब तक की सबसे बेहतरीन जासूसी फिल्में माना जाता है। इन फिल्मों के हर सीन में आपको डबल ट्विस्ट देखने को मिलेंगे और तो और, ये फिल्में इतनी मनोरंजक हैं कि आपको क्लाइमैक्स तक बांधे रखेंगी।*



**एजेंट साईं श्रीनिवास अथरेया (2019) :** यह एक तेलुगु भाषा की ब्लैक कॉमेडी मिस्ट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन स्वरूप आरएसजे ने किया है, जिन्होंने नवीन पोलीशेट्टी के साथ मिलकर इस फिल्म का लेखन भी किया है।फिल्म में पोलीशेट्टी मुख्य किरदार में हैं और उनके साथ श्रुति शर्मा भी हैं। यह नेल्लोर के एक जासूस की कहानी है, जिसकी जान उस समय खतरे में पड़ जाती है जब वह एक रेलवे ट्रैक के पास छोड़े गए एक शव के मामले की जांच शुरू करता है।

**मनोरमा सिक्स फीट अंडर (2007) :** यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन नवदीप सिंह ने किया है। फिल्म में अभय देओल, राइमा सेन और गुल पनाग मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 21 सितंबर 2007 को रिलीज हुई थी। यह राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में रहने वाले एक शौकिया जासूस की कहानी है, जो खुद को झूठ, छल और हत्या के जाल में फंसा हुआ पाता है।

**थुप्पारिवालन (2017) :** यह एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन मिस्किन ने किया है और निर्माण विशाल ने किया है, जो प्रसन्ना के साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म में विनय राय, अनु इमैनुएल (अपनी तमिल पहली फिल्म में), एंड्रिया जेरेमिया और के. भाग्यराज सहायक भूमिकाओं में हैं। ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल की शर्लक होम्स कहानियों से प्रेरित, यह फिल्म एक निजी जासूस और उसके सहयोगी की कहानी है जो एक बच्चे के पालतू कुत्ते की मौत की जाँच करते हैं, जिससे उन्हें एक बड़ी साजिश का पता चलता है।

**डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी! (2015) :** यह एक ऐतिहासिक रहस्य थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है, जिन्होंने यशराज फिल्म्स और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शंस के तहत आदित्य चोपड़ा के साथ सह-निर्माण किया था. काल्पनिक जासूस ब्योमकेश बख्शी पर आधारित इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, आनंद तिवारी, नीरज काबी, स्वस्तिका मुखर्जी और मेयांग चांग मुख्य भूमिकाओं में थे।

**डिटेक्टिव उज्ज्वलन (2025) :** यह एक मलयालम भाषा की मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन इंद्रनील गोपीकृष्णन और राहुल जी ने किया है। फिल्म में ध्यान श्रीनिवासन, सिजू विल्सन और रोनी डेविड राज मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह वीकेंड ब्लॉकबस्टर्स बैनर तले सोफिया पॉल द्वारा निर्मित है और यह वीकेंड सिनेमैटिक यूनिवर्स की मिन्नल मुरली के बाद दूसरी फिल्म है।

**सम्राट एंड कंपनी (2014) :** यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कौशिक घटक ने किया है और राजश्री प्रोडक्शंस के बैनर तले कविता के. बड़जात्या ने इसका निर्माण किया है। इसमें राजीव खंडेलवाल सम्राट की मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 1 मई 2014 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे तय समय से पहले 25 अप्रैल 2014 को रिलीज कर दिया गया था।

**जोई बाबा फेलुनाथ (1979) :** यह एक बंगाली भाषा की रहस्य फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन सत्यजीत रे ने किया था. सौमित्र चटर्जी, संतोष दत्ता, सिद्धार्थ चटर्जी, उत्पल दत्त जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म फेलुदा उपन्यास का रूपांतरण है और सोनार केल्ला का सीक्वल है।

# 50 साल बाद लौटेगी शोले की असली कहानी
## ठाकुर के हाथों होगा गब्बर का अंत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे आइकॉनिक फिल्म शोले (1975) एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह है इसका वो अंत जिसे दर्शकों ने कभी बड़े पर्दे पर नहीं देखा। दरअसल, जब निर्देशक रमेश सिप्पी ने फिल्म बनाई थी, तब उन्होंने चाहा था कि गब्बर सिंह (अमजद खान) को उसके अपराधों की सजा ठाकुर बलदेव सिंह (संजय कुमार) के हाथों मिले। लेकिन, उस दौर के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दबाव डालकर अंत बदलवाया और गब्बर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब 50 साल बाद दर्शकों को फिल्म का वो असली और पहले से शूट किया गया क्लाइमैक्स देखने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने घोषणा की है कि इस साल का उनका सेंटरपीस फिल्म शोले का 4के रीस्टोर्ड वर्जन होगा। यह फेस्टिवल 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगा और इसमें वही अंत दिखाया जाएगा, जिसमें ठाकुर अपने परिवार का बदला लेकर गब्बर का अंत कर देता है। इस अनोखे प्रोजेक्ट को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने संभव बनाया है। शोले अब अपनी मूल 70एमएम भव्यता में दर्शकों के सामने आएगी, जो सिनेमाई इतिहास का एक अनमोल अनुभव होगा। रीस्टोरेशन की प्रक्रिया में लंदन से दुर्लभ कलर रिवर्सल प्रिंट ढूंढा गया और मुंबई के एक गोदाम से कैमरा निगेटिव्स और लंबे समय से खोए हुए डिलीटेड सीन्स बरामद किए गए। शोले को भारतीय सिनेमा का माइलस्टोन माना जाता है। जय-वीरू की दोस्ती, ठाकुर की प्रतिशोध की आग और गब्बर सिंह की खलनायकी ने इसे एक कल्ट क्लासिक बना दिया।*




# सिनेमाघरों में कल रिलीज होगी होमबाउंड

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'सनी कुमारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। बुधवार को जान्हवी को एयरपोर्ट पर किसी खास का इंतजार करते देखा गया। जान्हवी कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'होमबाउंड' की खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें जान्हवी अपनी दिवंगत मां और एक्ट्रेस श्रीदेवी की नेवी ब्लू रंग की साड़ी पहने नजर आईं। श्रीदेवी ने यह साड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी के रिसेप्शन पर पहनी थी। जान्हवी की 'होमबाउंड' 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सोमवार को मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग में कई सितारों ने शिरकत की।



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा वितरण प्रमंडल, बुटी,राँची–834009**

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बुटी, रांची अन्तर्गत ई–प्रोक्युरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना स०–पे०स्व०वि०/वितरण/02/2025–26 दिनांक–12.09.2025 जो PR No. – 361939 Drinking water & Sanitation (25-26) D के द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्नांकित प्रकार से संशोधित किया जाता है।

| क्र.सं. | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.09.2025 अपरांह्न 4.00 बजे तक | 25.09.2025 को 4.00PM तक |
| 2 | बीड प्राप्ति (ऑन लाईन बिडिंग) तिथि एवं समय | 27.09.2025 अपरांह्न 5.00 बजे तक | 03.09.2025 को 05.00PM तक |
| 3 | निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, रांची के आदेश सह ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10. 2023 के अनुरूप Online करने की तिथि | 27.09.2025 अपरांह्न 5.00 बजे तक | 03.09.2025 को 05.00PM तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 03.10.2025 अपरांह्न 5.00 बजे | 04.10..2025 को 5.00PM तक |

नोट :– यह शुद्धि पत्र परिणाम विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बुटी, रांची

PR 362804 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

# पतली होने पर उड़ाया जाता था मजाक

अभिनेत्री अमृता राव ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने वाली पॉलिटिक्स पर बात की। साथ ही उन्होंने उन्हें लेकर की गई बॉडी शेमिंग को भी याद किया। अमृता राव हाल ही में अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आईं हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमृता ने साल 2003 में शाहिद कपूर के साथ फिल्म इश्क विश्क से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और अमृता रातोंरात स्टार बन गई थीं। हालांकि, अब अमृता ने बताया कि पहली फिल्म हिट होने के बाद वो इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स का शिकार हुईं। अभिनेत्री ने एक किस्से को याद करते हुए बताया कि जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तो मुझे बहुत पतली होने के लिए डांटा जाता था। अमृता ने अपनी मौसी की सलाह याद की कि जब वह पतली थीं तो उनका मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन जब उनका वजन बढ़ा, तो उसके लिए भी उनका मजाक उड़ाया गया। जब उनका वजन आदर्श था, तब किसी ने उनकी तारीफ नहीं की। क्योंकि, कवर बिल्कुल भी ऐसा नहीं दिखना चाहिए था। ऐसी चीजें पहले भी हो चुकी हैं। इसके अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें होंगी, जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं होगा। अमृता ने कहा कि पहले मुझे बहुत बुरा लगता था। मैं पूछती थी कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं कह सकती हूं कि राजनीति हर जगह है। स्कूलों में, कॉलेजों में, यहां तक कि आपकी सोसाइटी की बैठकों में भी। इसलिए आपको खुद को राजनीति से निपटने के लिए तैयार करना होगा।





# 'थामा' में दिखेगी खूनी प्रेम कहानी

**मुंबई।** थामा मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या और स्त्री 2 आ चुकी हैं। इन सभी को फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब थामा को मेकर्स इस यूनिवर्स की एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इस फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स ने बुधवार को थामा से जुड़े तीन पोस्टर और पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक में स्त्री नजर आ रही है और उस पर लिखा है, 'ओ स्त्री परसों आना।'

# रिलेशनशिप नहीं जमा तो नहीं जमा, पर एक दिन मेरे बच्चे होंगे

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना का टॉक शो टू मच 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार- आमिर खान और सलमान खान होंगे। शो में आमिर खान और सलमान खान अपने जीवन के तमाम पहलुओं के बारे में मजेदार ढंग से बात करेंगे। इस दौरान आमिर खान सलमान से उनकी रिलेशनशिप पर सवाल करते नजर आ सकते हैं। सलमान अपनी रिलेशनशिप्स के बारे में कहते हैं, यार नहीं जमा तो नहीं जमा। अगर इसका दोष किसी को जाता है, तो केवल मुझे जाता है। सलमान खान ने बातचीत के दौरान बच्चे लेने की भी इच्छा चाहिर की। उन्होंने कहा- बच्चे, एक दिन मेरे होंगे, जल्द ही। प्राइम वीडियो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर करके शो के पहले गेस्ट के बारे में जानकारी दी है। पोस्टर में सलमान खान और आमिर खान एक बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं। उस बाइक में एक रस्सी बंधी है।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- (1) ड्राइवर– मालवाहक गाड़ी (इंट्रा, टाटा मैजिक, बोलेरो पिकअप इत्यादि) चलाने हेतु। (2) ऑफिस बॉय– रायपुर ऑफिस में ऑफिस कार्य करने हेतु स्नातक एवं 12वीं पास मेहनती लड़कों की। संपर्क:- समय 11:00 से 01:00 बजे। युगबोध डिजीटल प्रिंट्स, 6, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) फोन–07714200932. (RO-66)

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क - जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490.(RO-6720)

आवश्यकता है- शंकरनगर स्थित सॉफ्टवेयर कम्पनी में ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर जो साथ में ऑफिस कार्य भी कर सके आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9300532000 | 9893132000. (RO-368)

**असिस्टेंट अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में असिस्टेंट अकाउंटेंट की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल नंबर- 074699- 80000, 0771- 4075490. (RO-6718)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- एम्बीशन मार्केटिंग कंपनी में आवश्यकता हैं लड़के एवं लड़कियों की सैलरी 10.000/- से 15.000/- तक पता:- सुंदर नगर एक्सिस बैंक के पास रायपुर Mob. 7722856852, 8962606852. (RO-291)

**सेल्समैन/हेल्पर**

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व कपड़े की दुकान में काम किया हुआ व्यक्ति एवं हेल्पर की आवश्यकता है समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658.(RO-7259)

**मैनेजमेंट एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- Business Manage करने के लिए MBA/ B.Tech/ BBA पास अनुभवी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव की रायपुर ऑफिस में आवश्यकता है। Salary; 25,000 से 35000/- तक | Whats up your Resume 8602470046.(RO-272)

**सुपरवाइजर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- पोल्ट्री फार्म वाले मकान में रहकर काम करने हेतु,रहने की सुविधा उपलब्ध। सुपरवाइजर 14000/- से 24000/- कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, ड्राइवर हैवी लाइसेंस 12000/- से 15000/- चौकीदार 10000/- से 12000/- संपर्क-जयश्री पोल्ट्री फार्म, NH 53, होटल कोर्टयार्ड के पास, लाभांडी, रायपुर 9826147575. (RO-67)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है ,10वी 12वीं पास युवको के लिए जो ग्वालियर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस रहना फ्री, प्रमोशन + ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20हजार महीना मो. 9039470547, 7869296951.(RO-415)

हरिभूमि

**ड्रायवर**

एसकेएस इस्पात एंड पावर लि.
सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ़
निम्न पदों पर आवश्यकता है
• लोडर ऑपरेटर • जेसीबी ऑपरेटर
• हाइड्रा ऑपरेटर • हाइवा ड्राइवर
*तत्काल ज्वाइनिंग *बैचलर आवास उपलब्ध
*वॉक-इन इंटरव्यू: 25.9.25 से 4.10.25, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
संपर्क- 7880082495, 7880082497
ईमेल: career@sksispat.com
दक्षता: भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संयंत्र में वाहन चलाने का 5-10 वर्ष का अनुभव।

**अन्य**

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719.(RO-1169)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420549466. (RO-1171)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:- 8335914373.(RO-1173)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क:- 9311830460. (RO-292)




नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**CLASSIFIED RATE CARD** — 01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

# जनरल चौहान का कार्यकाल बढ़ा, 26 तक बने रहेंगे सीडीएस



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल आठ महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब वह 30 मई 2026 तक या फिर अगला आदेश आने तक इस पद पर बने रहेंगे। केंद्र ने यह आदेश 24 सितंबर 2025 को जारी किया। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की अपॉइंटमेंट्स कमेटी (ACC) ने इस विस्तार को मंजूरी दी है। इसके साथ ही जनरल चौहान सरकार के रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (डीएमए) के सचिव के रूप में भी काम करते रहेंगे। जनरल अनिल चौहान को 28 सितंबर 2022 को सीडीएस नियुक्त किया गया था। 1961 में जन्मे चौहान ने नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला और इंडियन मिलिट्री एकेडमी, देहरादून से अपनी सैन्य शिक्षा प्राप्त की।वे 1981 में 11 गोरखा राइफल्स से भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त कर सेवा में आए. अपने लंबे करियर में उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं।

## वैश्विक दक्षिण देशों की उच्चस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर बोले

# 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत करने की जरूरत

### बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का रखा प्रस्ताव

*जयशंकर ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों से अपनी क्षमताओं का लाभ उठाने और उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबर साउथ देशों को राजनीति और कूटनीति से लेकर विकास और प्रौद्योगिकी तक के मुद्दों पर मिलकर समाधान खोजने चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों से अपनी क्षमताओं का लाभ उठाने और उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का प्रस्ताव रखा है। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे हुए हैं। उच्चस्तरीय बैठक में जयशंकर ने कहा कि इन देशों को राजनीति, कूटनीति, विकास और प्रौद्योगिकी पर मिलकर समाधान खोजना चाहिए। यूएनजीए के सत्र के इतर आयोजित 'समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों' की उच्चस्तरीय बैठक में जयशंकर ने कहा कि इन देशों को राजनीति और कूटनीति से लेकर विकास और प्रौद्योगिकी तक के मुद्दों पर मिलकर समाधान खोजने चाहिए।



### ग्लोबल साउथ कई चुनौतियों का सामना कर रहे

*जयशंकर ने कहा कि विश्व की स्थिति सदस्य देशों के लिए बढ़ती चिंता का विषय है। वैश्विक दक्षिण, खासतौर से कई चुनौतियों का सामना कर रहा है जो इस दशक के पूर्वार्ध में और बढ़ गई हैं। इनमें कोरोना महामारी के झटके, यूक्रेन और गाजा में दो बड़े संघर्ष, चरम जलवायु घटनाएं, व्यापार में अस्थिरता, निवेश प्रवाह और ब्याज दरों में अनिश्चितता और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के एजेंडे में विनाशकारी मंदी शामिल हैं।*

### उभरती प्रौद्योगिकियों पर विचार करें

भविष्य की ओर संकेत करते हुए एस. जयशंकर ने कहा कि उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की संभावनाओं पर विचार करना चाहिए। कूटनीतिक और राजनीतिक मोर्चे पर, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षवाद में सुधार के लिए मिलकर काम करने का प्रस्ताव रखा।

### बैठक में 18 देशों ने हिस्सा लिया

बैठक में अलग-अलग राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्थाओं तथा विकास स्तर वाले 18 देशों ने हिस्सा लिया। इनमें सिंगापुर, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, क्यूबा, चाड, जमैका, वियतनाम, मॉरीशस और मोरक्को जैसे देश शामिल थे।

### क्षमताओं और अनुभव का लाभ दें

एस. जयशंकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अपनी-अपनी क्षमताओं, अनुभवों और उपलब्धियों का लाभ एक-दूसरे के लिए उठा सकते हैं। उन्होंने टीकों (वैक्सीन), डिजिटल क्षमताओं, शिक्षा व्यवस्था, कृषि पद्धतियों और लघु व मध्यम उद्योग संस्कृति जैसे क्षेत्रों का हवाला दिया।

### कई समकक्षों के साथ की द्विपक्षीय बैठक

#### रणनीतिक और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूएनजीए के 80वें सत्र से इतर दुनिया भर के अपने समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें की हैं। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय घटनाक्रमों और वैश्विक संघर्षों सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट कर इन बैठकों के बारे में जानकारी साझा की है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वान वील से मुलाकात के बाद उन्होंने लिखा कि न्यूयॉर्क में नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील के साथ हुई बैठक सराहनीय रही।



## 21 महिला नक्सली भी शामिल

# 71 नक्सलियों का समर्पण, 30 पर 64 लाख का था ईनाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सल संगठन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। सक्रिय 71 नक्सलियों ने बुधवार को दंतेवाड़ा में एसपी के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित 30 नक्सलियों पर 64 लाख रुपए का ईनाम घोषित था, इनमें 8 लाख का ईनामी प्लाटून दो का डिप्टी कमाण्डर बामन मड़काम भी शामिल है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की तरफ से 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वहीं उन्हे शासन की पुनर्वास नीति का लाभ भी दिया जाएगा। समर्पण करने वाले इनमें से 30 नक्सलियों पर 64 लाख रुपए का ईनाम था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 21 महिला और 50 पुरुष माओवादी शामिल हैं। इनमें कई कैडर नक्सली भी शामिल हैं। समर्पण के दौरान एसपी गौरव राय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**19 माह में 129 ईनामी समेत 461 ने किया समर्पण :** एसपी दंतेवाड़ा ने बताया कि लोन वराटू अभियान के तहत अब तक 297 ईनामी माओवादियों सहित 1113 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है इनमें दंतेवाड़ा जिले के अलावा बस्तर, बीजापुर एवं नारायणपुर के 887 पुरूष माओवादी तथा 226 महिला माओवादी शामिल है।

### इन वारदातों में थे शामिल

समर्पण करने वाले नक्सली इनमें 8 लाख के ईनामी बामन मड़काम वर्ष 2011 में ग्राम दमपाया, 2012 में मटलाचेरू, 2014 में दुगाईगुड़ा, 2021 में अम्बेली, 2022 में वेलगाड़रम एवं 2024 में ग्राम गुण्डम के जंगल में हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था। वहीं 5 लाख की ईनामी महिला माओवादी शमिला उर्फ सोमली कवासी वर्ष 2023 में भैरमगढ़ ओरछापारा में मोबाइल टावर को आगजनी एवं वर्ष 2024 में ग्राम बोड़गा में हुये पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल थी। इसके अलावा 5 लाख की ईनामी गंगी उर्फ रोहनी बारसे वर्ष 2024 में भामरागढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत ग्राम परादी सहित अन्य घटनाओं में शामिल थे।

## दक्षिण भारत के प्रमुख मठ का एक आश्रम वसंतकुंज इलाके में

# आश्रम के प्रमुख स्वामी ने '17 छात्राओं' से कहा-यौन संबंध बनाओ, वर्ना कर दूंगा फेल

**ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति से पीजीडीएम कोर्स कर रही थीं छात्राएं**

**आरोपी की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम के चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी नाम के संचालक पर करीब 17 छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। छात्राओं की शिकायत पर वसंतकुंज(नार्थ) थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। आरोप है कि आश्रम के संचालक स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी ने ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति से पीजीडीएम कोर्स कर रही छात्रों से अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही वॉट्सएप और एसएमएस के जरिए अश्लील संदेश भेजे। आरोप है कि शारीरिक संपर्क बनाने का भी प्रयास किया गया। आरोपी की आखिरी लोकेशन आगरा में मिली है। दक्षिण भारत के प्रमुख मठ का एक आश्रम दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में है। इसे चलाने के लिए स्वामी चैतन्यानंद उर्फ पार्थ सारथी नाम के आरोपी को संचालक नियुक्त किया गया था। आश्रम में मैनेजमेंट की पढ़ाई होती है, जिसके दो बैच हैं। दोनों बैच में 35 से ज्यादा छात्राएं पढ़ती हैं।

### 32 छात्रों के बयान दर्ज कराए

इस मामले में कुल 32 छात्रों के बयान दर्ज कराए। इनमें से 17 ने स्वामी पर अपशब्द, अश्लील संदेश और शारीरिक संपर्क के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो कुछ फैकल्टी और प्रशासनिक अधिकारी उनपर दबाव डालते थे। छात्राओं ने अपनी

▶▶ शेष पेज 2 पर

### फर्जी डिप्लोमैटिक नंबर की मिली कार

जांच में पता चला कि आरोपी महंगी वोल्वो कार में एंबेसी का नंबर लगाकर घूम रहा था। पुलिस ने इस कार को जब्त कर लिया है। डीसीपी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली ऐश्वर्या सिंह ने कहा कि हमें अगस्त में शिकायत मिली थी। हम कानून के मुताबिक आगे बढ़ रहे हैं। समय रहते एफआईआर दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

# लश्कर का आतंकी कटारिया गिरफ्तार पहलगाम हमले से जुड़े हैं तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि कटारिया तक पहुंचने में रिवर्स इन्वेस्टिगेशन का सहारा लिया गया। जांच टीम ने विभिन्न सुरागों का विश्लेषण कर उसे ट्रैक किया और गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि कटारिया ने आतंकवादियों को हथियार, राशन और अन्य जरूरी सामग्री मुहैया कराई थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कारण, पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों के मददगार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोहम्मद यूसुफ कटारिया नाम के आतंकी को पकड़ा है, जो लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) का एक सक्रिय सदस्य है।

## फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के तीखे तेवर

# भारतीय पायलटों का गुस्सा भड़का केंद्र सरकार न्यायिक जांच कराए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में पायलट को दोष देने वाले नैरेटिव पर फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने तीखे तेवर दिखाए हैं। फेडरेशन का आरोप है कि अधिकारी जांच से पहले 'पायलट की गलती' की कहानी को हवा दे रहे हैं। फेडरेशन ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को चिट्ठी लिख कर दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।फेडरेशन ने कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो ने जारी जांच की अखंडता, निष्पक्षता और वैधता से मौलिक और नहीं बदलने लायक समझौता किया।

**अहमदाबाद विमान हादसा**



### पायलट पर दोष मढ़ने का आरोप

पायलटों की संस्था का आरोप है कि 'बातचीत के दौरान इन अधिकारियों ने सेलेक्टिव सीवीआर इंटरसेप्शन और कथित लेयर्ड वॉयस एनालिसिस' के आधार पर हानिकारक आक्षेप लगाए कि कैप्टन सभरवाल ने टेकऑफ के बाद जानबूझकर फ्यूल कंट्रोल स्विच को कटऑफ पोजिशन में कर दिया।

### पायलटों का मनोबल प्रभावित हो रहा

एफआईपी का आरोप है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के कार्य से 'यह मामला पक्षपात और गैरकानूनी कार्रवाई के दायरे में पहुंच चुका है। इसने मौजूदा जांच को अस्थिर बना दिया है;और इसके संभावित निष्कर्षों से पायलटों का मनोबल प्रभावित होने की संभावना है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि THE DIAGNOSTIC CARE
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Gold Medalist, IUK) MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S FRM (Gujarat University), DRM (Germany) स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी, • बांझपन का संपूर्ण इलाज • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉप्लर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% OFF
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्युकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# वोल्वो ईएक्स30 : सिंगल चार्ज में 480 किमी रेंज, कैमरा, रडार व साथ लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वोल्वो कार इंडिया ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी, ईएक्स30, को 41 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लांच किया है। त्योहारों के खास अवसर पर, जो ग्राहक 19 अक्टूबर 2025 से पहले प्री-रिजर्वेशन करेंगे, उन्हें यह एसयूवी 39.99 लाख रुपए में मिलेगी। इस लग्जरी इलेक्ट्रिक कार की डिलीवरी नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी। यह स्वीडिश कार निर्माता की भारत के लिए तीसरी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) है, एक्ससी40 रिचार्ज और सी40 रिचार्ज के बाद। अन्य दो की तरह, ईएक्स30 को भी वोल्वो के होसकोटे प्लांट में असेंबल किया जाएगा, जो बेंगलुरु के पास स्थित है।

- लग्जरी इलेक्ट्रिक कार की डिलीवरी नवंबर के पहले सप्ताह से

कंपनी का कहना है कि इससे कीमतें प्रतिस्पर्धी रहेंगी और डिलीवरी भी तेजी से हो सकेगी। हर कार के साथ तीन साल की वारंटी, सर्विस और रोडसाइड असिस्टेंस का पैकेज मिलेगा, साथ ही पांच साल की कनेक्टेड सर्विसेज भी शामिल होंगी। खरीदारों को एक वॉल बॉक्स चार्जर और 8 साल की बैटरी वारंटी भी मानक के रूप में मिलेगी।

### एसयूवी ईएक्स30 की एक्स-शोरूम कीमत 41 लाख रुपए

#### पावरट्रेन और प्रदर्शन

ईएक्स30 को सिंगल मोटर एक्सटेंडेड रेंज वर्शन में पेश किया जा रहा है। यह 272एचपी और 343एनएम का टॉर्क विकसित करता है, जो 69केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी से जुड़ा है। यह ईवी 480किमी की अप्रूव्ड रेंज देती है और 0-100किमीप्रतिघंटे की रफ्तार सिर्फ 5.3 सेकंड में पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड इलेक्ट्रॉनिकली 180किमीप्रतिघंटे तक सीमित है।



#### कॉम्पैक्ट लेकिन पावरफुल ईवी

वोल्वो ईएक्स30 को एक कॉम्पैक्ट लेकिन पावरफुल ईवी के रूप में पेश कर रही है। इसकी ड्राइविंग डायनामिक्स शहर में आसानी से चलने के लिए बनाई गई है। ईएक्स30 तेज और फुर्तीला महसूस होता है, जिसमें एक-पेडल ड्राइविंग शहरी उपयोग को स्ट्रेस फ्री बनाती है। स्टीयरिंग हल्का लेकिन सटीक है, जबकि सस्पेंशन आराम और हैंडलिंग के बीच संतुलन बनाए रखता है।

*सेफ्टी और फीचर्स : वोल्वो परिवार के अनुसार, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। ईएक्स30 को पांच-स्टार यूरो एनसीएपी रेटिंग मिली है। फीचर्स में कई एयरबैग, सेफ स्पेस टेक्नोलॉजी, लेन कीपिंग असिस्ट, एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, इंटरसेक्शन ऑटो-ब्रेक, 360-डिग्री कैमरा और ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी ने किया बीईएल के साथ समझौता




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय वायुसेना के लिए अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराने के लिए नवरत्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ गठजोड़ किया है।

### बजाज इलेक्ट्रिकल्स मॉर्फी रिचर्ड्स का ब्रांड खरीदेगी




**नई दिल्ली।** घरेलू उपकरण विनिर्माता कंपनी बजाज इलेक्ट्रिकल्स आयरलैंड स्थित ग्लेन इलेक्ट्रिक से मॉर्फी रिचर्ड्स के बौद्धिक संपदा अधिकारों का अधिग्रहण करेगी। निदेशक मंडल ने भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के लिए मॉर्फी रिचर्ड्स के ब्रांड अधिकार हासिल करने के वास्ते 146 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दे दी है।

### मेकमाईट्रिप के शीर्ष नेतृत्व में बदलावों की घोषणा




**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग कंपनी मेकमाईट्रिप ने मोहित काबरा को समूह मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) और दीपक बोहरा को समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। शीर्ष स्तर पर हुए ये बदलाव सांस्थानिक नेतृत्व और वृद्धि तेज करने पर कंपनी के ध्यान को दर्शाते हैं।

### फोनपे ने आईपीओ की सेबी से मंजूरी मांगी




**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान प्रदाता फोनपे ने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। फोनपे लिमिटेड ने 'प्री-फाइलिंग' गोपनीय मार्ग के जरिये आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं।

### स्विगी, रैपिडो में अपनी हिस्सेदारी बेचेगी




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति कंपनी स्विगी ने मंगलवार को कहा कि अपनी हिस्सेदारी बिक्री को मंजूरी दे दी है। यह सौदा 2,400 करोड़ रुपये का है। वह 10 इक्विटी शेयर और 1,63,990 सीरीज-डी अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय वरीय शेयरों को नीदरलैंड स्थित कंपनी एमआईएच इन्वेस्टमेंट्स को बेचेगी।

### वीएमएस टीएमटी एक फीसदी चढकर सूचीबद्ध




नई दिल्ली। टीएमटी बार विनिर्माता वीएमएस टीएमटी का शेयर बुधवार को 99 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब एक प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। बीएसई पर शेयर की शुरुआत 105 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से छह प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.75 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर यह 5.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में शेयर 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.65 रुपये पर बंद हुआ।

## कंपनियों को कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

# एफएमसीजी कंपनियों को दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी की कम दरें लागू होने के साथ रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों को अपने उत्पादों के लिए कम कीमतें तय करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उन्हें दो महीने के भीतर कीमतों में पूर्ण समायोजन की उम्मीद है। रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों ने अपने उत्पाद के मूल्य कम से कम दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये तक कम किए हैं। अब पारले जी बिस्कुट का एक छोटा पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी अब वह 4.5 रुपये का हो गया है। शैम्पू का पाउच जिसकी कीमत दो रुपये थी अब 1.75 रुपये का हो गया है।

#### गैर-मानक कीमत अपनाना ही विकल्प

उद्योग जगत से जुड़े लोगों एवं विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि उनके पास चीजों का वजन (ग्रामेज) तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, जिसके लिए कारखाने के ढांचे में बदलाव की आवश्यकता होती है।

### चीजों का वजन तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय नहीं है

**जीएसटी कम होने से कंपनियों ने उत्पादों के दो, पांच व दस रुपए कम किए**

**कंपनियों के पास "गैर-मानक" कीमतें अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं**



*बदलाव के लिए लगेगा समयः शाह*

*पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा, " हां, यह पूरी तरह से अस्थायी है। आम तौर पर जब भी आप किसी बदलाव या ऐसी किसी चीज की बात करते हैं, तो पैक के वजन में बदलाव करते हैं। इस तरह की चीजों में लगभग डेढ़ से दो महीने का समय लगता है। कंपनियां आमतौर पर डेढ़ से दो महीने का अतिरिक्त समय लेकर काम करती है।"*

*निर्देशों का पालन करने खुदरा कीमत कम की*

*अस्थायी उपाय के तौर पर उन्होंने सरकारी निर्देशों का पालन करने के लिए लोकप्रिय मूल्य पैक की अधिकतम खुदरा कीमत कम कर दी है। माल एवं सेवा कर (जीएसटर) की दो स्तरीय पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं।*

#### कंपनियां अपने सामान का वजन बढ़ाएंगी

*नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अबनीश रॉय ने कहा कि ये एफएमसीजी कंपनियों द्वारा "अल्पकालिक उपाय" हैं। उन्होंने कहा, " आखिरकार कंपनियां अपने (सामान का) वजन बढ़ाएंगी और दो रुपये, पांच रुपये और 10 रुपये आदि के मूल्य पर वापस आ जाएंगी क्योंकि स्पष्ट रूप से 4.5 रुपये या 4.6 रुपये के मूल्य व्यावहारिक नहीं हैं।"*

#### पैक की कीमतों में समायोजन कियाः डाबर

डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि उनकी कंपनी ने अपने पैक की कीमतों में समायोजन किया है। उन्होंने कहा, " डाबर में हमारा मानना है कि सामर्थ्य कभी भी गुणवत्ता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। इसीलिए हमने अपने खंड में कीमतों को सक्रिय रूप से समायोजित किया है। जीएसटी कटौती के अनुरूप हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर उपभोक्ता इसका लाभ उठा सके...।"

#### अभी वजन में बदलाव करना मुश्किलः पारले

वर्तमान में पारले जी बिस्कुट का एक पैकेट जिसकी कीमत पहले पांच रुपये थी, अब जीएसटी लाभ लागू होने के बाद 4.45 रुपये में बिक रहा है। शाह ने कहा, " आज, जब हम बात कर रहे हैं, मेरे अक्टूबर और नवंबर के रैपर छप चुके हैं। अब मेरे लिए बाहर जाकर वजन में कोई बदलाव करना और एमआरपी स्थिर रखना मुश्किल है। तो जाहिर है हम इसे गैर-मानक मूल्य बिंदुओं पर इन्हें बेच रहे हैं।'

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट; सेंसेक्स 386 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बैंक, वाहन शेयरों में रही मुनाफावसूली
- वीजा शुल्क में वृद्धि से निवेशकों की धारणा पर असर

बैंक, वाहन तथा पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 386 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक टूटा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ना जारी है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 494.26 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.60 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,056.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

*आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर*

*एच-1बी शुल्क वृद्धि के कारण आईटी शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जबकि जारी व्यापार वार्ताओं के बीच अमेरिकी व्यापार संबंधी बयान और कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।*

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक शामिल हैं।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,551.19 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

#### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।

## बिजनेस साइट

### सुमीत बाजार का '9 दिन का उत्सव' नवरात्रि पर मिल रहे आकर्षक ऑफर्स

**रायपुर।** इस नवरात्रि, प्रदेश की प्रसिद्ध रिटेल चेन सुमीत बाजार ने अपनी शॉपिंग को और खास बनाने के लिए '9 दिन का उत्सव' नामक एक शानदार ऑफर लांच किया है। इस उत्सव के दौरान सुमीत बाजार के स्टोर्स में ग्राहकों को मिल रहे हैं 9 विशेष आकर्षक ऑफर्स। इसमें ऑफर के तहत, दो ब्रांडेड कुर्ते 999 रुपए में, तीन साड़ियां 999 रुपए में, दो सूट पीस 999 रुपए में, चार मेंस शर्ट 999 रुपए में, चार डबल बेडशीट 999 रुपए में, दो मेंस कोर्ड सूट 999 रुपए में, चार वीमेंस कोर्ड सूट 999 रुपए में, तीन प्रीमियम ब्रांडेड ब्वॉयज टी-शर्ट्स 999 रुपए में और डबल बेड मिंक ब्लांकेट 999 रुपए में उपलब्ध हैं। यह सभी ऑफर्स सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स में मिल रहे हैं।

त्योहारों की शॉपिंग को और भी खास बनाने के लिए सुमीत बाजार ने साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट, गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट



और फर्निशिंग आइटम्स की एक विस्तृत रेंज पेश की है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन भी उपलब्ध है। इसके साथ ही शादी-ब्याह और अन्य त्योहारों के लिए एथनिक वियर की नई वैराइटी भी ग्राहकों के लिए तैयार की गई है। सुमीत बाजार के संचालक संयम कांकरिया ने बताया कि हमारे यहां ग्राहक अपने बजट और जरूरत के अनुसार फैमिली शॉपिंग कर सकते हैं। त्योहारों के इस मौसम में फैशन और शॉपिंग के साथ-साथ ग्राहकों की बढ़ती संख्या हमें और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करती है।

### नवरात्रि के पहले तीन दिनों में नेक्सा की 300 गाड़ियों की हुई डिलीवरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि के पावन अवसर पर नेक्सा शोरूम्स ने बिक्री के नए रिकॉर्ड कायम किए। पहले ही तीन दिनों में नेक्सा द्वारा 300 से अधिक गाड़ियों की डिलीवरी कर प्रदेशभर में त्योहार का माहौल और खास बना दिया गया। नई कार की चाबी पाते ही ग्राहकों के चेहरे खिल उठे, और डिलीवरी सेरेमनी ढोल-नगाड़ों और पूजा-पाठ के साथ उत्सव का रूप लेती नजर आई। इस अवसर पर सबसे ज्यादा मांग ग्रैंड विटारा की रही, जो आकर्षक कीमत और आधुनिक फीचर्स के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बनी। इसके अलावा बलेनो और फ्रॉन्क्स जैसे मॉडल्स ने भी जबरदस्त डिमांड दर्ज की। खास फेस्टिव ऑफर्स और किफायती कीमतों ने खरीदारों को आकर्षित



किया। नेक्सा अधिकारियों ने बताया कि इस बार ग्राहकों की प्रतिक्रिया उम्मीद से कहीं अधिक उत्साहजनक रही है और आगामी दिनों में डिलीवरी का आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ने की संभावना है। यह नवरात्रि न सिर्फ ग्राहकों के लिए शुभ रही, बल्कि नेक्सा ब्रांड के प्रति विश्वास को भी और मजबूत करती नजर आई।

### त्योहारी सीजन पर सहेली ज्वेलर्स का खास ऑफर, मेकिंग चार्ज में बड़ी छूट

**रायपुर।** इस फेस्टिव और वेडिंग सीजन में सहेली ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए खास ऑफर पेश किया है। अब 22 कैरेट प्लेन गोल्ड ज्वेलरी पर केवल 9 प्रतिशत फ्लैट मेकिंग चार्जेस और



एंटीक ज्वेलरी पर सिर्फ 11 प्रतिशत से शुरू मेकिंग चार्जेस लिए जा रहे हैं। यही नहीं, सहेली ज्वेलर्स ने एक अनोखा प्री-बुकिंग ऑफर भी लांच किया है, जिसमें ग्राहक सिर्फ 25 प्रतिशत अग्रिम राशि देकर अपनी पसंदीदा ज्वेलरी आज के रेट पर बुक कर सकते हैं। सोने के रेट बढ़ें या घटें, दोनों ही स्थितियों में ग्राहक को फायदा होगा। सहेली ज्वेलर्स के डिजाइन्स न केवल अनोखे हैं, बल्कि 100 प्रतिशत एचयूआईडी हॉलमार्क और आईजीआई सर्टिफाइड डायमंड्स की गुणवत्ता के साथ आते हैं। 1 लाख से अधिक डिजाइनों का विशाल कलेक्शन, लाइफटाइम बाय-बैक गारंटी और रविवार को भी खुला शोरूम ग्राहक सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। इस दिवाली, रायपुर (सदर बाजार) और दुर्ग (श्री शिवम मॉल) स्थित सहेली ज्वेलर्स शोरूम में आएं और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

### खाद्य मंत्रालय का एफसीआई से करार...

**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सब्सिडी के महत्तम प्रबंधन को खाद्यान्न खरीद और वितरण कार्यों में सुधार हेतु मापनीय लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। एक सरकारी




बयान के अनुसार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग और भारतीय खाद्य निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन खाद्य सब्सिडी निधि के महत्तम प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रणाली-आधारित दृष्टिकोणों का लाभ उठाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# कतर में भी यूपीआई के जरिए भुगतान सेवा की हुई शुरुआत

- कतर नेशनल बैंक के साथ मिलकर सुविधा की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा

अब भारतीय यात्री कतर में भी यूपीआई के जरिये भुगतान कर सकेंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने कतर नेशनल बैंक (क्यूएनबी) के साथ मिलकर इस सुविधा की शुरुआत की है। इस पहल के तहत क्यूएनबी से जुड़े दुकानदार और नेटस्टार्स के भुगतान समाधान का इस्तेमाल करने वाली पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनों पर यूपीआई क्यूआर कोड से भुगतान किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को बयान में कहा कि 'कतर ड्यूटी फ्री' की दुकानें इस सुविधा का इस्तेमाल करने वाले शुरुआती प्रतिष्ठान हैं। धीरे-धीरे यह सुविधा अन्य प्रमुख पर्यटक स्थलों और बाजारों में भी उपलब्ध होगी। कतर आने वाले अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों में भारतीय यात्री दूसरे स्थान पर हैं। नई सुविधा से उन्हें नकदी रखने और मुद्रा बदलने की परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

# ईरान की मुद्रा का भाव 10.74 लाख रियाल प्रति डॉलर पर आया

एजेंसी ▶▶| दुबई

ईरान की मुद्रा रियाल की विनिमय दर बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले गिरकर अपने अबतक के सबसे निचले स्तर 10.74 लाख रियाल प्रति डॉलर पर आ गई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रियाल में आई इस भारी गिरावट के पीछे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई द्वारा अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत से इनकार को प्रमुख वजह माना जा रहा है। खामेनेई के इस निर्णय से ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशकियन और विदेश मंत्री अब्बास अराघची की तरफ से किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों को चोट पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले मार्च, 2025 में रियाल का भाव 10.39 लाख प्रति डॉलर तक गिर गया था जो उस समय की सबसे बड़ी गिरावट थी। यह गिरावट अमेरिका की तरफ से अधिकतम दबाव डालने और परमाणु कार्यक्रम पर तनाव बढ़ने के कारण आई थी।



- डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर
- गिरावट के पीछे खामेनेई का परमाणु कार्यक्रम

*बातचीत प्रतिबंध रोकने में सक्षम नहीं*

*विश्लेषकों का मानना है कि रियाल में आई रिकॉर्ड गिरावट यह संकेत भी देती है कि ईरान और यूरोपीय देशों के बीच आखिरी मिनट की बातचीत संयुक्त राष्ट्र द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर लगाए जाने वाली प्रतिबंधों को रोकने में सक्षम नहीं होगी। इन प्रतिबंधों को रोकने के लिए निर्धारित 30-दिन की अवधि 28 सितंबर को खत्म हो रही है।*

# मुनाफावसूली से सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आ गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

## लैरी एलिसन ने दान यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया को दिया

# दुनिया के दूसरे बड़े अमीर 95 प्रतिशत संपत्ति करेंगे दान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं। दौलत के मामले में उनसे ऊपर सिर्फ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स रिपोर्ट के मुताबिक, लैरी एलिसन की कुल संपत्ति 373 बिलियन डॉलर है। उनकी संपत्ति में पिछले कुछ दिनों में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है, जिसकी सबसे बड़ी वजह एआई बूम और ओरैकल के शेयरों में जबरदस्त उछाल है। लेकिन बहुत कम लोगों को यह बात पता है कि लैरी एलिसन अपनी कुल संपत्ति का 95 प्रतिशत हिस्सा दान में देने का प्लान बना चुके हैं। हालांकि, उन्होंने साफ कहा है कि यह दान उनके अपने नियम और शर्तों पर होगा।

- एलिसन ने 200 मिलियन डॉलर कैंसर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए दान किए

#### अपनी शर्तों पर संपत्तियों का दान

हालांकि, अपनी संपत्ति के दान के मामले में एलिसन हमेशा अपनी शर्तों पर ही चलते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि ईआईटी को नेतृत्व परिवर्तन की वजह से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साल 2024 में एलिसन ने जॉन बेल को रिसर्च लीड करने के लिए नियुक्त किया था, लेकिन सिर्फ दो हफ्तों में ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया और इस प्रोजेक्ट को बेहद चुनौतीपूर्ण बताया।




#### रिसर्च सेंटर को दिया दान

*ईआईटी का एक नया कैंपस 2027 में ऑक्सफोर्ड में खोला जाएगा। एलिसन लंबे समय से बड़े डोनेशन देते आ रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया को 200 मिलियन डॉलर कैंसर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए दान किए। इसके साथ ही, उन्होंने एलिसन मेडिकल फाउंडेशन को 1 बिलियन डॉलर दिए, जो बंद होने से पहले बुजुर्गों की बीमारियों की रोकथाम की दिशा में काम करता था।*

#### 95 प्रतिशत संपत्ति दान का प्लान

फॉर्च्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2025 तक एलिसन की नेटवर्थ 373 बिलियन डॉलर हो चुकी है। इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी ओरेकल में उनकी 41 प्रतिशत स्टेक से आती है। इसके अलावा उनका टेस्ला में भी बड़ा निवेश है। एलिसन अपने परोपकारी कामों को एलिसन इंस्टिट्यूट आऍफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) के जरिए अंजाम देते हैं, जो ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी स्थित एक फॉर-प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन है। यह संस्थान स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और एआई रिसर्च जैसी वैश्विक चुनौतियों पर काम करता है।

# टी20 रैंकिंग: भारत का दबदबा, हार्दिक-वरुण और अभिषेक ने बरकरार रखा शीर्ष स्थान

एजेंसी ▶▶| दुबई

## चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।





### अभिषेक का शीर्ष स्थान बरकरार

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं।



### फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर

*भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।*

एशिया कप : सुपर-4 के अपने दूसरे मैच में सबसे पहले खिताबी मुकाबले में जगह बनाई

# 11वीं बार फाइनल में पहुंचा भारत, बांग्लादेश को 41 रन से हराया, चमके अभिषेक-कुलदीप



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम लगातार दूसरी और कुल 11वीं बार एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई। उसने एशिया कप 2025 के सुपर-4 के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को 41 रन से हराकर सबसे पहले खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भारत ने अभिषेक शर्मा (75) की आतिशी पारी के दम पर छह विकेट पर 168 का स्कोर बनाया। उन्होंने 51 गेंद में छह चौकों व पांच छक्कों से लगातार दूसरा अर्धशतक बनाया। इसके बाद कुलदीप यादव (18/3) और वरुण चक्रवर्ती (29/2) की शानदार गेंदबाजी के बूते बांग्लादेश को 127 रन पर ढेर कर दिया। बांग्लादेश की ओर से सैफ हसन ने सर्वाधिक 69 रन की पारी खेली।



### अभिषेक ने लगाया 2 पारियों में अर्धशतक

अभिषेक एशिया कप टी-20 में लगातार 2 पारियों में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। उनसे पहले विराट कोहली ऐसा कर चुके हैं। अभिषेक ने अब तक 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 37.28 की औसत और 197.72 की स्ट्राइक रेट के साथ 783 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 2 शतकों के अलावा 4 अर्धशतक लगाए हैं।

**एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर**

अभिषेक शर्मा - 5 मैच 17 छक्के
रोहित शर्मा - 9 मैच 12 छक्के

अभिषेक टी20 एशिया कप में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

### मुस्तफिजुर रहमान ने रचा इतिहास, टी-20 में 150 विकेट लेने वाले पहले बने बांग्लादेशी

एशिया कप 2025 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने अहम उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर के 150 विकेट पूरे किए। वह विकेटों का ये आंकड़ा छूने वाले विश्व के चौथे और बांग्लादेश के पहले गेंदबाज बने। सुपर-4 मुकाबले के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव उनके 150वां शिकार बने। मुस्तफिजुर ने फिलहाल 118 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 117 पारियों में 150 विकेट पूरे किए हैं। इस बीच उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं। इस प्रारुप में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 10 रन देते हुए 6 विकेट लेना रहा है। उन्होंने विकेटों के मामले में शाकिब अल हसन को पीछे छोड़ा है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 75 | 37 | 6 | 5 |
| गिल का तंजीम हसन बो रिशाद | 29 | 19 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे का तौहिद बो रिशाद | 02 | 3 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का जेकर अली बो रहमान | 05 | 11 | 0 | 0 |
| पंड्या का तंजीद बो सैफुद्दीन | 38 | 29 | 4 | 1 |
| वर्मा का सैफ हसन बो तंजीम हसन | 05 | 7 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 10 | 15 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन
गेंदबाजी : तंजीम हसन साकिब 4-0-29-1, नासुम अहमद 4-0-34-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-33-1, मोहम्मद सैफुद्दीन 3-0-37-1, रिशाद हुसैन 3-0-27-2, सैफ हसन 2-0-7-0

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैफ हसन का अक्षर बो बुमराह | 69 | 51 | 3 | 5 |
| तंजीद हसन का दुबे बो बुमराह | 01 | 3 | 0 | 0 |
| इमोन का अभिषेक बो कुलदीप | 21 | 19 | 2 | 1 |
| तौहीद हृदय का अभिषेक बो पटेल | 07 | 10 | 0 | 0 |
| शमीम हुसैन बो चक्रवर्ती | 00 | 3 | 0 | 0 |
| जाकेर अली रन आउट | 04 | 5 | 0 | 0 |
| सैफुद्दीन का तिलक बो चक्रवर्ती | 04 | 7 | 0 | 0 |
| रिशाद का तिलक बो कुलदीप | 02 | 3 | 0 | 0 |
| तंजीम साकिब बो कुलदीप | 00 | 1 | 0 | 0 |
| नासुम अहमद नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |
| रहमान का अक्षर बो तिलक | 06 | 11 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 19.3 ओवर में 127/10
गेंदबाजी :हार्दिक पंड्या 2-0-14-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-18-2, चक्रवर्ती 4-0-29-2, कुलदीप 4-0-18-3, पटेल 4-0-37-1, दुबे 1-0-10-0, तिलक वर्मा 0.3-0-1-1

### पीजीटीआई ने किया 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** पीजीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप जोहल ने कहा कि 17 गोल्फरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर भी शामिल हैं। इसे खिलाड़ियों ने युवराज सिंह के समर्थन वाली इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने के लिए 'अस्थायी निलंबन' बताया है। इस मामले पर अंतिम फैसला 27 सितंबर को अनुशासनात्मक समिति की बैठक के बाद लिया जाएगा। ओलंपियन और एशियाई टूर विजेता भुल्लर, अमन राज, हरेंद्र गुप्ता, करणदीप कोचर और सचिन बैसोया भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 17 से 19 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आईजीपीएल में खेलने के कारण यह नोटिस जारी किया गया है। आईजीपीएल और पीजीटीआई के चेन्नई ओपन की तारीख एक ही थी और यही विवाद का विषय बन गया है।

# सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप : सेमीफाइनल में भारत और नेपाल के बीच होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ग्रुप चरण में अजेय रहे भारत की गुरुवार को असली परीक्षा होगी जब टीम रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारत अब तक सबसे प्रभावशाली टीम रही है। मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (3-2) को हराने के बाद भारत नौ अंक के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस विशेष तौर पर खुश हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने खिलाड़ियों के दबाव को झेलने के तरीके की प्रशंसा की। फर्नांडिस ने कहा, 'पाकिस्तान को हराना हमारे लिए अच्छा परिणाम रहा और टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच में दबाव को जैसे संभाला उससे मैं बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने जज्बा और अनुशासन दिखाया तथा सेमीफाइनल से पहले हमें इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला है।' दूसरी ओर नेपाल एक मैच (मेजबान श्रीलंका के खिलाफ 2-0) जीता और दूसरा मैच (बांग्लादेश के खिलाफ 0-4) गंवाकर ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। फर्नांडिस नेपाल के संभावित खतरे को लेकर सतर्क रहे।



# कल निकाला जाएगा खिलाड़ियों का ड्राफ्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ग्लोबल शतरंज लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट शुक्रवार को निकाला जाएगा, जिसमें विश्व चैंपियन गुकेश, विश्वनाथन आनंद और प्रज्ञानानंदा 'आइकन खिलाड़ियों' में से होंगे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन चेन्नई में 13 से 24 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने यूएई और लंदन में पिछले दो सत्र खेले थे। टेक महिंद्रा और फिडे के संयुक्त टूर्नामेंट जीसीएल में छह फ्रेंचाइजी हैं।




# GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
## Executive Engineer, P. W. Division No. 1 Nagpur

**NVITATION FOR TENDERS**
**e-mail div1nagpur.ee@mahapwd.com**
**E-Tender Notice No 43/RAC/2025-26**

Online tenders in B-1 are invited by the Executive Engineer, Public Works Division No. 1, Nagpur for the following work from P.W.D. Registered Contractor. The name of work, estimated cost, time limit for completion etc. are as under.

| SR. No. | Name of Work | Estimated cost (Rs. In lakh) | Cost of Blank Tender Form | Time limit in Tender (Calendar Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.T. Renewal to Internal roads in the premise of Ravibhavan, Nagbhavan, Deogiri & Hy. House, Nagpur. | 63.29 | 1180/- | 1 Months |
| 2. | Replacement of roofing and ceiling of 4 Cottage at Nagbhavan, Nagpur. | 50.63 | 1180/- | 1 Months |
| 3. | Repairing To Office Chair, Revolving Chair Of. Buildings & barracks,Repairs to furniture at Old Building, Old & New Anex Building & New Building and Barrack No. 1 to 16 and Repairing of sofachair,revolving Chair Study Chair,Visiting Chair,at various Building and Repairing of Sofa set by Changing Cloth,Foam and Accessirie at Vidhanbhavan, Nagpur. | 40.50 | 590/- | 1 Months |
| 4. | Repairs & Improvements Of BT Road In CE Office Premises, Civil Lines, Nagpur. | 46.21 | 590/- | 1 Months |
| 5. | Renovation and upgradation of interior work at Building No.4 of Ravibhavan Nagpur. | 42.01 | 590/- | 1 Months |
| 6. | Renovation and upgradation of interior work at Vidhan bhavan Members Rooms, Nagpur. | 42.01 | 590/- | 1 Months |
| 7. | Renovation of damage flooring and other misc. work to Room No.12 kitchen and pantry at Rajbhavan, Nagpur. | 50.42 | 1180/- | 1 Months |
| 8. | Renovation of damaged floor and other misc. work to Governor kitchen and kitchen No.23 at main Building of Rajbhavan, Nagpur. | 75.63 | 1180/- | 1 Months |
| 9. | Misc Works & Renovation to PA Qtrs 1 to 20 in the premises of Deogiri at Nagpur. | 46.21 | 590/- | 1 Months |
| 10. | Repair and Renovation to various Suits of 40 Suited building in Ravibhavan premises Nagpur | 21.00 | 590/- | 1 Months |
| 11. | Internal and External paiting and repairs to roof and porch and misc. repairs of CM office at Old Hydrabad House, Nagpur | 21.84 | 590/- | 1 Months |
| 12. | Misc works and Internal External paiting of New Hyderabad House (G+4) building at Nagpur | 21.00 | 590/- | 1 Months |
| 13. | Misc works and Internal External painting to office of Home Secretary and Chief Secretary in the Premises of Old Hyderabad House at Nagpur | 13.44 | 590/- | 1 Months |
| 14. | Development, Beutification, Drainage Work Near Backside Garden, Development For Frontside Garden Like Fencing, Carry & Pavement, Maintenance Of Fountains In Various Location In Vidhanbhavan, and Development Of Existing Ground For Vidhanbhavan Parking In The Back Side Of Government Press Nagpur. | 26.05 | 590/- | 1 Months |
| 15. | Repairs and Maintenance Of BT Road at Vidhanbhavan, Nagpur. | 33.61 | 590/- | 1 Months |
| 16. | Repair to door window, ceiling,flooring, fixture and fastning, glass and sanitary and watersupply and Painting work At Suyog Press Reporter camp for RAC 2025 Nagpur. | 25.21 | 590/- | 1 Months |
| 17. | Renewal To Exisiting Roads in the premises of RPI Police Head Quarter from main road to Police Hospital 0/00 to 0/500 mtr., from Police Hospital to Police Gymkhana 0/500 to 0/1000 mtr.,Police Gymkhana to RPI office 0/1000 to 0/1500 mtr. & at police line Takali, Nagpur. | 12.60 | 590/- | 1 Months |
| 18. | Repairs & Improvements of BT Road In The Premises Of 160 Tenament, Nagpur. | 22.68 | 590/- | 1 Months |
| 19. | Repairs to Gener toilet and Garden & fountain in the premise at Nagbhavan, Nagpur. | 15.12 | 590/- | 1 Months |

1. Detailed tender notice can be seen on website https://mahatenders.gov.in. https://mahapwd.gov.in
2. Detailed tender notice can be seen on the Notice Board in the office of the undersigned.
3. Right is reserved to reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
4. In this Tender Notice, Tender downloading, Tender opening etc information available on web site.
5. The bidder shall submit the hard copy of tender document (Technical and financial Envelope) in sealed envelope within 3 days from last date of submission at the office of tender opening authority.
6. Post Qualification Criteria will be applicable for the said construction work.

**O.W. No. 10996** **dt. 22/09/2025**

sd/-
**Executive Engineer**
**P. W. Dn. No.1 Nagpur**

आरओसी 2025-26/क्र.5/C-2704


# ऑस्ट्रेलिया में गरजा सूर्यवंशी का बल्ला छह छक्के उड़ाकर बनाया स्पेशल रिकॉर्ड

## युवा वनडे में भारत की टीम ने बनाई ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

वैभव सूर्यवंशी के शानदार अर्धशतक और कप्तान आयुष म्हात्रे की कामचलाऊ ऑफ स्पिन गेंदबाजी से झटके तीन विकेट की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 51 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। श्रृंखला का अंतिम मैच शुक्रवार को इयान हीली ओवल में खेला जाएगा। सीरीज के दूसरे मैच में



वैभव का बल्ला जमकर गरजा। मैच में 68 गेंद में 70 रन के साथ छह छक्के लगाए। इससे वह यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्के उड़ाने वाले बैटर बन गए हैं।

### वैभव ने उड़ाए छक्के

ब्रिसबेन के मैदान में अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में भारत की शुरुआत सही नहीं रही और खुद म्हात्रे ही दो गेंद में बिना खाता खोले पवेलियन चले गए। उनके साथ ओपनिंग करने आए वैभव ने पहले क्रीज पर पैर जमाए और उसके बाद शानदार शॉट्स लगाए। वैभव ने 68 गेंद में पांच चौके और छह छक्के की मदद से 70 रन की पारी खेली, जिसके चलते उनके नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### चोट के कारण बीच मैच से बाहर प्रणय, आयुष और किरण हारे

एजेंसी ▶▶| सुवोन

एचएस प्रणय का कोरिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ जब वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए जबकि आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज की हार के साथ इस प्रतियोगिता में मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही भारतीय अभियान समाप्त हो गया। तैंतीस वर्षीय प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाहिनी पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर से शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए।

स्वयं के खर्च पर भी नहीं जा सकेंगे अतिरिक्त कोच और स्टाफ

# एशियाई खेल में चयन के लिए नियम हुए कड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिए कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। मंत्रालय की वेबसाइट पर डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खेले जाएंगे ।



### चयन का आधार 12 महीने का प्रदर्शन

अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं, जिस पर विवाद होता है। यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे। चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नई नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं, जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के निर्धारित मानकों के आधार पर होती है।

### भागीदारी के लिए टीम में खिलाड़ी को जगह नहीं

मंत्रालय ने कहा ,'हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए मौका मिले।' इसमें कहा गया,'अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिए कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी।' इसमें कहा गया,' सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे, जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिए मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो।'

SAMSUNG

Galaxy S25 Ultra

Got a question? Go live. Get answers.




Google Gemini

Own now at ₹ 111499 (1 unit)*

Get benefits worth ₹ 18500#

Pair-up
Galaxy Watch8 Classic
Get ₹ 15000~ off

Samsung Care+
(Two year protection plan)
Starting ₹ 425/month^

HDFC BANK | Samsung Finance+™

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated, actual may vary. Actual UX/UI may vary. Color and feature as per availability. Samsung disclaims any and all liabilities thereof. Google and Gemini are trademarks of Google LLC. Results for illustrative purposes and may vary. Check responses for accuracy. Compatible with certain features and with certain accounts. Internet connection required. Available on select devices, languages, and countries. Only available to users 18 years and older *T&C apply. Effective offer price of ₹ 111499 for 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB|256GB, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. #Cumulative benefits worth ₹ 18500, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. Upgrade program provided by the brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. ~Discount amount of ₹ 15000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch8 Classic together with 1 unit of Galaxy S25 Ultra. ^1 unit of Samsung Care+ 2-year Complete Protection Plan worth ₹ 11999 available at ₹ 425/month, only when purchased with Galaxy S25 Ultra through Samsung Care+ partners. Customers are eligible for 1 claim per year under ADLD, as per applicable terms. Samsung Care+ EMI amount calculated post a 15% up-front down payment on the remaining 85% amount. Samsung disclaims any liabilities with the same. All third party logos/ marks shown are registered/owned/licensed logos/ marks of respective brand owners. Offers may be revised or withdrawn without prior notice.

Scan to meet your true AI companion

Or WhatsApp "S25" to 9870 494949 to buy at Samsung Exclusive Store

Cheil-28809/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com